दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 177 जयपुर, गुरुवार, 06 जून, 2024 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष- अमावस्या, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### नवजात की आंख खराब अस्पताल पर 19 लाख जुर्माना



**जोधपुर।** एक महिला के प्री मैच्योर जुड़वा बच्चों के जन्म के समय शहर के वसुंधरा अस्पताल के एक बच्चे की जांच में लापरवाही बरतने को लेकर 19 लाख रुपए जुर्माना देने के आदेश को राजस्थान राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने सही मानते हुए अस्पताल की अपील याचिका को खारिज कर दिया है। दरअसल, पाली निवासी श्रीमती पुष्पा ने गर्भवती होने पर वसुंधरा अस्पताल में डॉ. आदर्श पुरोहित से इलाज लिया था। प्री मैच्योर डिलीवरी होने के कारण ऑपरेशन से पहले और बाद में दोनों नवजात की सभी तरह की जांच भी की गई। महिला ने एक पुत्री, एक पुत्र को जन्म दिया। कुछ समय बाद पुत्र को दृष्टिदोष हो गया।

### उदयपुर में अग्निवीर भर्ती रैली 1 जुलाई से

**उदयपुर।** यहां अग्निवीर भर्ती रैली 1 से 10 जुलाई तक आयोजित होगी। इसमें लिखित परीक्षा उत्तीर्ण प्रदेश भर के साढ़े सात हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। भर्ती रैली को सफल बनाने के लिए जिला कलेक्टर के निर्देशन में तैयारी बैठक बुधवार सुबह एडीएम सिटी राजीव द्विवेदी की अध्यक्षता में डीओआईटी सभागार में हुई। इसमें भर्ती रैली के स्थल से लेकर जरूरी व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। सेना भर्ती रैली के प्रभारी कर्नल इंद्रजीत सिंह ने आगामी 1 जुलाई से उदयपुर में प्रस्तावित अग्निवीर भर्ती रैली तथा उसके लिए अपेक्षित व्यवस्थाओं के संबंध में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**सेंटर में सियासी घटनाक्रम:** पीएम मोदी ने राष्ट्रपति को सौंपा मंत्रिपरिषद का इस्तीफा...

# NDA की बैठक में पीएम नरेन्द्र मोदी को फिर चुना गया नेता

■ 7 जून को मोदी चुने जाएंगे संसदीय के नेता | करेंगे सरकार बनाने का दावा पेश | ■ 8 जून को मोदी ले सकते हैं PM पद की शपथ

**बेधड़क** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद नई सरकार के गठन को लेकर दिल्ली में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकारी आवास पर बुधवार को एनडीए के नेताओं की बैठक हुई, जिसमें पीएम मोदी को सर्वसम्मति से एनडीए का नेता चुना गया। बैठक में बिहार के सीएम व जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार और टीडीपी अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू पीएम मोदी के पास बैठे नजर आए. जीतन राम मांझी समेत एनडीए के लगभग सभी दलों के नेता सहित अमित शाह और भाजपा के अन्य बड़े नेता भी बैठक में शामिल हुए।



### सरकार गठन में इन दलों की भूमिका अहम

लोकसभा चुनाव में भाजपा को इस बार 240 मिली हैं, जो बहुमत के आंकड़े 272 से कम है। वहीं, एनडीए में शामिल टीडीपी को 16, जेडीयू को 12, शिवसेना (शिंदे गुट) को 7 और एलजेपी (रामविलास) को पांच सीटें मिली है, इसलिए सरकार गठन में इन दलों की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक एनडीए के घटक दलों के नेताओं से मोदी के नेतृत्व में अपना विश्वास जताने की उम्मीद है।

### सौंपा मंत्रिपरिषद का इस्तीफा

बैठक से पहले पीएम मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पीएम पद के साथ मंत्रिपरिषद का इस्तीफा सौंपा। राष्ट्रपति ने पीएम मोदी का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। हालांकि, उन्हें नई सरकार के गठन तक पद पर बने रहने को कहा है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरे कार्यकाल के लिए 8 जून को पद की शपथ ले सकते हैं।

### यह प्रस्ताव हुआ पारित

एनडीए के नेताओं ने बैठक में प्रस्ताव पारित कर कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों ने पिछले 10 वर्षों में पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से हर क्षेत्र में विकास देखा है। करीब छह दशक के बाद देश की जनता ने लगातार तीसरी बार किसी गठबंधन को पूर्ण बहुमत दिया है। हमें गर्व है कि एनडीए ने पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरी एकजुटता से चुनाव लड़ा और जीता। हम सभी नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 7 जून को एनडीए के संसदीय दल की बैठक की होगी, जिसमें मोदी को संसदीय दल का नेता चुना जाएगा। उसी दिन पीएम मोदी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

-पेज 7 व 8 भी देखें

### हमने मिलकर यह लड़ाई लड़ी

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि बैठक अच्छी रही। एनडीए का हिस्सा बने रहने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर हम एनडीए का हिस्सा नहीं हैं तो हम एकसाथ मिलकर चुनाव कैसे लड़ते? हमने यह लड़ाई सामूहिक रूप से लड़ी।



**विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह**

# पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी: भजनलाल शर्मा

■ दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव लाकर पर्यावरण संरक्षण में निभाएं भूमिका

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर रहना सीखना पड़ेगा। हम अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव लाकर पर्यावरण संजोने में अपनी महत्ती भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को एक नई गति प्रदान करते हुए 'मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान' चलाएगी, जिसके अंतर्गत इसी साल वर्षाकाल में 7 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री शर्मा बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल तथा वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय विश्व पर्यावरण दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सम्मान एवं संरक्षण सदियों से भारतीय संस्कृति का विशेष अंग रहा है। हमारी संस्कृति में प्रकृति के पांच तत्वों (अग्नि, जल, वायु, आकाश, पृथ्वी) का विशेष महत्व है। पर्वतों, वृक्षों एवं नदियों को पूजकर हम इनके प्रति हमारी कृतज्ञता को प्रकट करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की धरा पर्यावरण संरक्षण के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। खेजड़ली के बलिदान को कौन नहीं जानता, जिसमें वृक्षों को बचाने के लिए मां अमृता देवी ने अपने साथियों सहित जीवन की आहूति दे दी। बिजली एवं पानी सीमित रूप से उपलब्ध हैं, इसीलिए इनको बचाना भी उत्पादन है। राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री जल स्वाबलंबन अभियान 2.0 प्रगतिरत है।

### मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान' की शुरुआत,







### 7 करोड़ पौधे रियायती दर पर देंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंगलवार से प्रारंभ हुए मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत 7 करोड़ पौधों में से 3 करोड़ आमजन को रियायती दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं, 3 करोड़ राजकीय भूमि और 1 करोड़ ओरण एवं चारागाह भूमि पर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण मण्डल ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए कई नवाचार किए हैं, जिससे उद्योगों को बड़ी राहत मिली है।

### PM सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की तारीफ

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अक्षय ऊर्जा को जन-जन से जोड़ने के लिए पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। राजस्थान में इस योजना के तहत 5 लाख से अधिक घरों पर सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे।

**7 करोड़ पौधों का होगा रोपण**

### जयपुर के लिए वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली लॉन्च

मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर जयपुर के लिए वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली लॉन्च की। इसके माध्यम से अब जयपुरवासियों को मौसम की तर्ज पर वायु गुणवत्ता के बारे में भी पूर्व में ही चेतावनी जारी की जाएगी, जिससे वायु गुणवत्ता की वजह से होने वाली परेशानी का समाधान पहले ही किया जा सकेगा।

### हेकेथॉन 2.0 का शुभारंभ

सीएम शर्मा ने समारोह में अलवर एवं कोटा के लिए 'सोर्स अपोर्शनमेन्ट एंड एमिशन इन्वेंट्री' रिपोर्ट और उदयपुर की क्षेत्रीय प्रयोगशाला को एनएबीएल प्रमाण पत्र जारी किया। शर्मा ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा आयोजित हेकेथॉन 2.0 का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंडल द्वारा आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट फोटो के लिए विपुल बालचंद्र को प्रथम, रितु शर्मा को द्वितीय तथा रविन्द्र चौधरी को तृतीय पुरूस्कार दिया। और न्यूजलेटर में उत्कृष्ट प्रविष्ठि के लिए दिव्यांशी जांगिड़ को प्रथम, सृष्टि शर्मा को द्वितीय तथा तोशीन जॉन को तृतीय पुरुस्कार से सम्मानित किया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में सीएस सुधांश पंत, एसीएस जल संसाधन अभय कुमार, एसीएस वन, पर्यावरण अर्पणा अरोड़ा, एसीएस-सीएमओ शिखर अग्रवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरिजीत बनर्जी सहित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में उद्यमी तथा विद्यार्थी मौजूद थे।

**गोगामेड़ी हत्याकांड:** गोल्डी-रोहित का हाथ

# 12 के खिलाफ चार्जशीट पेश, 4 गिरफ्त से बाहर





**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के मामले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी-गैंगस्टर गठजोड़ का खुलासा किया है। इस मामले को लेकर एनआईए ने बुधवार को जयपुर की एनआईए मामलों की विशेष अदालत में 12 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश की है। अब तक गिरफ्तार आठ आरोपियों के अलावा इस चार्जशीट में कुख्यात घोषित आतंकी गोल्डी बराड़ उर्फ सतविंदर सिंह और गैंगस्टर रोहित गोदारा उर्फ रेवतराम स्वामी के साथ ही महेंद्र कुमार और वीरेंद्र चारण का भी नाम हैं।

यह चारों आरोपी अभी एनआईए की पकड़ से दूर हैं। गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा विदेश से गैंग चला रहे हैं। ये दोनों कुख्यात लॉरेन्स विश्नोई गैंग से जुड़े हैं। दरअसल, एनआईए की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में बताया गया है कि कुख्यात घोषित आतंकी गोल्डी बराड़ उर्फ सतविंदर सिंह का गैंगस्टर रोहित गोदारा, महेंद्र कुमार और वीरेंद्र चारण के साथ गठजोड़ होने की पुष्टि भी एनआईए की जांच रिपोर्ट में हुई है।

### घर में घुसकर दिया गया वारदात को अंजाम

बता दें कि 5 दिसंबर 2023 को राजधानी जयपुर के श्याम नगर में सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की शूटर नितिन फौजी और रोहित राठौड़ ने गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। गोगामेड़ी के घर में घुसकर इस वारदात को अंजाम दिया गया था। इस घटनाक्रम में नवीन शूटर्स के साथ आए नवीन शेखावत और अजीत सिंह की भी गोलीबारी में मौत हो गई थी, जबकि गोगामेड़ी का गनमैन नरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

### रोहित गोदारा है हत्याकांड का मास्टरमाइंड

एनआईए की जांच में सामने आया है कि गैंगस्टर रोहित गोदारा उर्फ रेवतराम स्वामी ने इस हत्याकांड की साजिश रची। वहीं, वारदात का मास्टरमाइंड है. वीरेंद्र चारण, सतविंदर सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ और अन्य बदमाश भी इस साजिश में शामिल थे। गोगामेड़ी की हत्या के बाद रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। इसके बाद उन्होंने इस वारदात का हवाला देकर रंगदारी के लिए अन्य लोगों को भी धमकाया था।

**आसन्न अग्निपरीक्षा**

# सीएम के काम के जज्बे में कोई कमी नहीं, फिर से जुटे पूरी शिद्दत से

- अब 6 महीने में 5 विधानसभा सीटों पर होंगे उपचुनाव
- मुख्यमंत्री इस अग्निपरीक्षा को भी पार कर लेंगे काम के दम पर
- केंद्र को लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन की रिपोर्ट भेजी जाएगी, हो रहा मंथन

**हरीश भामनिया** | बेधड़क

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम आ चुके हैं। प्रदेश में नई सरकार बनने के 5 महीने के भीतर इन लोकसभा चुनाव में भाजपा का कोई प्रदर्शन भले ही अपेक्षा के अनुकूल नहीं रहा हो, लेकिन सीएम भजन लाल पर केंद्रीय नेतृत्व का भरोसा यथावत कायम है। फिलहाल, प्रदेश की कमान को लेकर कोई भी चर्चा चले, इसका कोई आधार नहीं है। ऐसे चर्चा को तवज्जो नहीं देकर सीएम भजनलाल अब अगली तैयारी में जुट गए हैं। दरअसल, अब उनके सामने अगले 6 महीने बाद दूसरी और बड़ी अग्नि परीक्षा उपचुनाव के रूप में सामने आने वाली है। जिन सीटों पर उपचुनाव होंगे, उन सभी सीटों पर भाजपा का कमल खिले, यह जिम्मेदारी उनके कंधों पर ही होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के लिए बड़ी चुनौती इसलिए भी होगी, क्योंकि जिन सीटों पर उपचुनाव होंगे उनमें से किसी भी सीट पर बीजेपी का विधायक नहीं है। इनमें से तीन सीटों पर कांग्रेस और दो सीटों पर आरएलपी और बाप पार्टी की विधायक हैं।



### 5 विधायकों ने जीता लोकसभा चुनाव

लोकसभा चुनाव 2024 में राजस्थान में पांच ऐसी सीटें है, जिन पर विधायकों ने सांसद का चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। इनमें दौसा से विधायक मुरारीलाल मीणा दौसा से ही सांसद का चुनाव जीते। झुंझुनू से विधायक बृजेन्द्र ओला झुंझुनूं से, खींवसर से विधायक हनुमान बेनीवाल नागौर से सांसद बन गए। देवली उनियारा से विधायक हरीश चौधरी टोंक -सवाईमाधोपुर से सांसद का चुनाव जीते, चौरासी से विधायक राजकुमार रोत बांसवाड़ा-डूंगरपुर से सांसद का चुनाव जीते। दौसा, झुंझुनूं, खींवसर, देवली - उनियारा और चौरासी विधानसभा सीटों पर अगले 6 महीने में उपचुनाव होंगे।

### चुनाव परिणामों पर चल रहा मंथन

राजस्थान में पिछले दो लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 में बीजेपी ने सभी 25 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। फिर, 2019 में लोकसभा के चुनाव हुए। उस समय प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और अशोक गहलोत मुख्यमंत्री थे, लेकिन भाजपा फिर सभी 25 सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही। अलबत्ता, इस बार इसकी हैट्रिक नहीं बन पाई। अब सरकार और संगठन के स्तर पर इस बात का मंथन शुरू हो गया है कि कहां पर चूक हुई, जिसकी वजह से मिशन 25 का लक्ष्य सफल नहीं हो सका। सत्ता और संगठन को अपनी रिपोर्ट केंद्र नेतृत्व को भेजनी है, ऐसे में उच्च स्तर पर मंथन और मनन के साथ रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

## जरूरी खबर

### नीट में उत्तीर्ण बच्चों का साफा बांधकर किया सम्मान




**जयपुर।** आकाश इंस्टीट्यूट सुभाष नगर जयपुर, निट 2024 में तीन बच्चे 720 में से 720 अंक प्राप्त करके जयपुर में फर्स्ट रैंक के साथ उत्तीर्ण हुए एवं 13 बच्चे 700 प्लस के अंक के साथ उत्तीर्ण हुए। आकाश इंस्टीट्यूट पन इंडिया में 21 बच्चे 720 में से 720 अंक प्राप्त करके एक अच्छा रिकॉर्ड कायम किया है। इंस्टिट्यूट की तरफ से आज सभी को माला व साफा पहनकर मुंह मीठा कराकर एवं वाहन रैली निकाली गई। इंस्टिट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर भीम सैन नगपाल व एकैडमी हेड अभिषेक माहेश्वरी,असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर कुंदन शाह व सभी अध्यापकों द्वारा सभी बच्चों का मनोबल बढ़ाया गया। बच्चों उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस कार्यक्रम में सभी बच्चें और उनके माता-पिता भी उपस्थित रहे। जिस कार्यक्रम बहुत बेहतर बनाया गया।

### निर्णय लेखन कार्यशाला अब 10 जुलाई से होगी

**जयपुर।** राज्य के राजस्व न्यायालयों से पारित होने वाले निर्णयों को त्रुटिरहित, गुणवत्तापूर्ण एवं विधिसम्मत ढंग से लेखन को लेकर राज्य के अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों की त्रिदिवसीय निर्णय लेखन कार्यशाला 10 से 12 जुलाई तक अजमेर के राजस्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में होगी।

### डाक शिकायतों के लिए 25 जून को डाक अदालत

भारतीय डाक India Post

**जयपुर।** डाक से सम्बंधित शिकायतों के निराकरण के लिए 25 जून को सुबह 11 बजे बजे मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, जयपुर, पोस्टमास्टर जनरल, अजमेर एवं जोधपुर कार्यालय में डाक अदालत का आयोजन होगा। उपभोक्ता डाक सेवाएं से सम्बंधित शिकायत हो तो शिकायतकर्ता अपना पूर्ण विवरण लिख कर सम्बंधित पोस्टमास्टर जनरल को भेज सकते हैं। शिकायत प्राप्ति की अंतिम तिथि 19 जून है। जयपुर क्षेत्र की शिकायतें सहायक पोस्टमास्टर जनरल (जन शिकायत एवं अन्वे.) कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, राजस्थान परिमंडल, जयपुर को भेज सकते है। जयपुर क्षेत्र में जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, सवाईमाधोपुर, करौली, सीकर एवं झुंझुनू जिले शामिल हैं।

## NEET UG 2024: कुछ अभ्यर्थी के स्कोरकार्ड में आए 719 व 718 अंक

# कैंडिडेट को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने पहली बार दिए ग्रेस मार्क्स

बेधड़क | जयपुर

नीट यूजी 2024 का परीक्षा परिणाम जारी किए जाने के बाद कैंडिडेट व अभिभावकों में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली को लेकर रोष व्याप्त है। यह रोष व संदेह का मुख्य कारण कुछ कैंडिडेट के 719 व 718 अंक स्कोरकार्ड में आना है। यह तार्किक रूप से संभव नहीं है। क्योंकि नीट परीक्षा में पूर्णांक 720 अंक हैं। कैंडिडेट या तो एक प्रश्न छोड़ सकता है या फिर एक प्रश्न गलत कर सकता है। ऐसी स्थिति में उसे 716/720 या 715/720 अंक मिलते, लेकिन किसी भी स्थिति में कैंडिडेट को 719 व 718 अंक प्राप्त नहीं हो सकते। एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि जब विषय विशेषज्ञों, कैंडिडेट व पेरेंट्स को यह ज्ञात हुआ कि एजेंसी की मार्किंग प्रक्रिया में खामी है, तो लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर यह सूचना प्रसारित करना प्रारंभ कर दिया। एजेंसी ने जवाब देते हुए लिखा कि अभ्यर्थियों को ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं। ऐसे में यह ग्रेस मार्क्स इतिहास में पहली बार नीट यूजी में दिए गए हैं। देव शर्मा ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बताया है कि कई कैंडिडेट्स के परीक्षा के दौरान पूरा समय नहीं मिला था, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की जांच में भी यही सामने आया था। इन कैंडीडेट्स ने न्यायालय में गुहार लगाई, जहां से न्यायालय ने एनटीए को आदेश दिया था, जिसके बाद भी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नॉर्मलाइज्ड मार्क्स उन्हें दिए हैं। इसमें एजेंसी ने माना है कि इन कैंडिडेट्स को करीब 5 अंक ग्रेसिंग मार्क्स के रूप में दिए गए हैं। हालांकि देव शर्मा ने बताया कि एनटीए को अपनी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बरतनी होगी। एजेंसी के परीक्षा परिणाम जारी करने से पहले नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया की ऑफिशियल सूचना सार्वजनिक तौर पर जारी की जानी चाहिए थी। अचानक से इस तरह की चीजों का सार्वजनिक होना एजेंसी की कार्य प्रणाली पर संदेह उत्पन्न करता है।



### एक प्रश्न ने बढ़ा दिए 44 टॉपर

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की जारी की गई प्रोविजनल आंसर की में फिजिक्स के एक प्रश्न के उत्तर पर कैंडिडेट्स ने आपत्ति जताई थी, जिसके बाद उसके ऑप्शन को एनटीए ने सही माना है। ऐसे में जहां पर पहले 720 नंबर पर करीब 23 कैंडिडेट थे, इसके बाद 44 कैंडिडेट्स के भी नंबर बढ़ गए। इसके चलते हुए वे भी 720 अंक पर पहुंच गए हैं। इसके बाद नीट यूजी 2024 में टॉपर्स की संख्या बढ़कर 67 हो गई।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर हुए पौधारोपण कार्यक्रम

# पर्यावरण बचाने को उठे हाथ लिया पौधे बचाने का संकल्प

बेधड़क | जयपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर द्वारा पौधारोपण किया गया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामना देते हुए प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वर्तमान समय में पौधारोपण अति आवश्यक है।

पौधे मनुष्य के जीवन का आधार है, ऐसे में पौधारोपण को हमें सतत रूप से आगे बढ़ाते रहना चाहिए। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी कहा कि प्रकृति की जरूरत को समझते हुए हम सभी को अपने जीवन के विशेष दिनों पर पौधे लगाने की शुरूआत करनी चाहिए। फिर चाहे जन्म दिन हो, या फिर शादी की सालगिरह या अन्य शुभ अवसर, हमें एक पेड़ लगाकर उसकी सार संभाल की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी ने गुलमोहर, करंज, अमरूद, इमली जैसे फलदार और छायादार वृक्ष लगाए। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, मुकेश दाधीच, नाहर सिंह जोधा, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटारा, पूजा कपिल मिश्रा, लक्ष्मीकांत पारीक, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, भाजपा आईटी सेल प्रदेश संयोजक अविनाश जोशी, भाजपा मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### जलदाय विभाग के कार्यालयों और पंप हाउसों में लगेंगे पौधे

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु में विभाग के सभी कार्यालयों सहित पंप हाउसो पर एक लाख पौधे मियावाकी तकनीक द्वारा लगाए जाएंगे। जलदाय मंत्री ने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एचजी फाउंडेशन के सहयोग से जल भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह बात कहीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक रहना चाहिए। शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि आगामी वर्षा ऋतु में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाए इसको लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण योजना की शुरुआत की है। जलदाय मंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जल भवन में पौधारोपण किया। विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा सहित मुख्य अभियंता प्रशासन मुकेश गोयल सहित अन्य अधिकारियों ने पौधारोपण किया।

### जल्द से जल्द हासिल हो पौधारोपण का लक्ष्य: कलेक्टर

**जयपुर।** कलक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित की अध्यक्षता में वन क्षेत्र से बाहर वृक्षारोपण के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा करवाये जाने वाले वृक्षारोपण पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर जयपुर एवं समिति अध्यक्ष प्रकाश राजपुरोहित ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, नगरीय निकायों, स्कूल शिक्षा विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को पौधरोपण लक्ष्यों को समय पर हासिल करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही पशुपालन विभाग के अधिकारियों को गौशालाओं में पौधारोपण करवाये जाने एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को माइनिंग लीज क्षेत्रों में नियमानुसार पौधे लगवाये जाने के निर्देश दिये। बैठक में श्री डी.पी जागावत उप वन संरक्षक जयपुर उत्तर द्वारा जिला कलक्टर जयपुर एवं समस्त उपस्थित अधिकारियों को पौधा प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण का संदेश दिया।

### सीएमओ की टीम ने जल संपन्नता के लिए लिया संकल्प

जयपुर। राजस्थान सीएमओ की सोशल मीडिया तथा कम्यूनिकेशन टीम द्वारा बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सचिवालय परिसर स्थित उद्यान में पक्षियों के लिए बांधे गए भगीरथ परिंडो को जल से भरा गया और राजस्थान को जल सम्पन्न बनाने में योगदान देने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सीटीओ गौरव शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ईआरसीपी एवं अन्य जल परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश को जल सम्पन्न बनाने की राह प्रशस्त कर रहे हैं, उसी प्रकार हम सभी को मानवीयता की भावना के साथ प्रदेश को जल सम्पन्न बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भगीरथ प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया टीम द्वारा पिछले दिनों उद्यान में बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए भगीरथ परिंडा लगाने का अभियान चलाया गया था। इस अवसर पर आईस्टार्ट राजस्थान के प्रभारी अधिकारी तपन कुमार, सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) प्रदीप कुमार शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### केन्द्रीय कारागृह व महिला बंदी सुधार गृह में पौधारोपण

**जयपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केन्द्रीय कारागृह एवं महिला बंदी सुधार गृह में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव पल्लवी शर्मा के साथ साथ पैनल अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वॉलेन्टीयर्स ने जयपुर जिले के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया। इस दौरान शर्मा ने लगभग 50 के करीब अमरूद, जामुन एवं शीशम के पौधे केन्द्रीय कारागृह एवं महिला बंदी सुधार गृह में लगवाये तथा कर्मचारियों के बीच भी पौधे वितरित किये गए। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय कारागृह के उपाधीक्षक इन्द्र यादव, महिला बंदी सुधार गृह की कारापाल सरोज विश्नोई, चीफ एलएडीसीएस जनार्दन कुमार आत्रे सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहें। कार्यक्रम के पश्चात पल्लवी शर्मा ने आंचल बालिका गृह, जयपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गृह अधीक्षक बाद सूचना भी गृह से नदारद मिले।

### राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में पर्यावरण संरक्षण रैली निकाली

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान कीराष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, द्रव्यगुण विभाग एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के अस्पताल प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आमजन को पर्यावरण संरक्षण के लिये जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सको, शिक्षकों, विद्यार्थियों द्वारा ब्रह्मपुरी बस स्टैंड से संस्थान तक रैली निकाली गई एवं ह्यूमन चैन बनाकर पर्यावरण को बचाने की अपील की। कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा द्वारा पर्यावरण रक्षा एवं जागरूकता हेतु "One Individual - One Plant" के साथ प्रत्येक दिन पर्यावरण रक्षा हेतु सतत रूप से प्रयास करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में वृक्षायुर्वेद विभाग की स्थापना की गई है। जिसमें अध्ययन करने वाले विद्यार्थी पुरानी परंपरा के साथ आयुर्वेद से पेड़-पौधों की देखभाल कर पायंगे। कार्यक्रम में डॉ. सुरेंद्र शर्मा, डॉ सुमित नत्थानी , डॉ. महेन्द्र प्रसाद, डॉ. आभा सिंह, डॉ. तरुण शर्मा आदि थे।

## दिल्ली एम्स जाकर होगा अध्ययन

# अस्पतालों में लागू होगा क्यू मैनेजमेंट सिस्टम

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को नवाचारों एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित तकनीकों से और सुदृढ़ एवं पेशेंट फ्रेंडली बनाया जाएगा। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों का एक दल चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे आधुनिकतम कार्यों, नवाचारों एवं तकनीकों का अध्ययन करने के लिए नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जाएगा।

चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने इस संबंध में एम्स के निदेशक को पत्र लिखा है। सिंह ने बताया कि प्रदेश में विभिन्न नवाचारों के माध्यम से चिकित्सा सेवाओं का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है, ताकि रोगियों को चिकित्सा संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध हो तथा परिजनों को भी किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। हमारा प्रयास है कि चिकित्सा संस्थानों में पंजीयन, परामर्श, जांच एवं दवा प्राप्त करने के लिए रोगियों एवं परिजनों को कतारों में खड़ा होकर इंतजार नहीं करना पड़े। इसके लिए एआई एवं आईटी आधारित क्यू मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि दिल्ली एम्स आधुनिकतम चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक अग्रणी चिकित्सा संस्थान है। वहां मरीजों एवं परिजनों की सुविधा के लिए क्यू मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया गया है। प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में भी यह सुविधा विकसित करने की दृष्टि से चिकित्सा शिक्षा विभाग से अधिकारियों का एक दल 6 एवं 7 जून को दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली एम्स जाएगा। यह दल एम्स में चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए किए गए नवाचारों का अध्ययन कर उन्हें प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में लागू करने का एक्शन प्लान तैयार करेगा। अधिकारियों के दल में अतिरिक्त निदेशक अस्पताल प्रशासन, राजमेस संजू शर्मा, उप निदेशक राजमेस डॉ. वंदना शर्मा, एसएमएस हॉस्पिटल के उप अधीक्षक एवं सहायक नोडल अधिकारी आईटी डॉ. अनिल दुबे, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. प्रदीप शर्मा एवं एसीपी-आईटी अशोक कुमावत शामिल हैं। यह दल एम्स के क्यू मैनेजमेंट सिस्टम एवं अन्य नवाचारों का अध्ययन कर वस्तुस्थिति से अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को अवगत कराएगा। इसके बाद एक्शन प्लान तैयार कर प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में नवाचारों को लागू किया जाएगा।

### CM से दुष्यंत सिंह की भेंट



*जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से आवास पर झालावाड़ लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद दुष्यंत सिंह ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच कई विषयों पर आवश्यक चर्चा हुई।*

## समान पात्रता परीक्षा में चयनित हुए अभ्यर्थियों को किया शामिल

# छात्रावास अधीक्षक और महिला पर्यवेक्षक परीक्षा के परिणाम जारी

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने बुधवार को छात्रावास अधीक्षक सीधी भर्ती के लिए समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सेकेंडरी लेवल) और पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती के लिए समान पात्रता परीक्षा (ग्रेजुएशन लेवल) का परिणाम जारी किया।

समान पात्रता परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों में से लगभग 15 गुना सफल अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शॉर्ट लिस्ट करते हुए चयन सूची जारी की गई है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड 13 जुलाई को पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। इस भर्ती परीक्षा के लिए कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से बीते दिनों समान पात्रता परीक्षा (ग्रेजुएशन लेवल) आयोजित कराई गई थी। समेकित बाल विकास सेवाएं (महिला एवं बाल विकास विभाग) में 209 पदों के अब मुख्य भर्ती परीक्षा आयोजित कराई जाएगी, जिसमें समान पात्रता परीक्षा में शामिल हुई महिला अभ्यर्थियों में से लगभग 15 गुना सफल अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शॉर्ट लिस्ट किया गया है। बोर्ड ने अपनी ऑफिशल वेबसाइट पर अभ्यर्थियों के कट ऑफ मार्क्स और रोल नंबर भी सार्वजनिक किए हैं. इस भर्ती परीक्षा के लिए जनरल की कट ऑफ 185.81, ईडब्ल्यूएस की 185.81, एससी की 172.23, एसटी की 162.37, ओबीसी की 185.81 और एमबीसी की 178.21 कट ऑफ रही है।




### 10 जनवरी तक चलेगा भर्तियों का सिलसिला

**जयपुर।** प्रदेश में चुनावी सीजन खत्म होने के साथ ही अब भर्तियों का सीजन शुरू होगा। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से 22 जून भर्ती परीक्षाओं का सिलसिला शुरू किया जाएगा, जो अगले साल 10 जनवरी तक चलेगा। कर्मचारी चयन बोर्ड ने मंगलवार को ही 31 भर्ती परीक्षाओं के शेड्यूल के साथ संशोधित परीक्षा कैलेंडर जारी किया है। इनमें से अधिकतर भर्ती परीक्षाएं सीबीटी कम ओएमआर मोड पर आयोजित कराई जाएगी। हालांकि, बुधवार को बोर्ड की ओर से एक संशोधित विज्ञप्ति जारी करते हुए ये स्पष्ट किया गया कि एक से अधिक चरणों में आयोजित कराई जाने वाली भर्ती परीक्षाओं में नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने स्पष्ट किया कि नॉर्मलाइजेशन सिस्टम लागू जरूर किया जा रहा है, लेकिन परीक्षा से पहले ही इस प्रकिया में अपनाए जाने वाले फार्मूले को सार्वजनिक कर दिया जाएगा। बता दें कि अमूमन नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया में पेपर के कठिन और सरल होने का स्तर तय कर अंक निर्धारित किए जाते हैं, यानि परीक्षा में किसी चरण में पेपर कठिन आया और किसी चरण में पेपर आसान आया तो एवरेज निकाला जाता है और जिस चरण में ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। उसके अनुसार कम अंकों वाली शिफ्ट में अतिरिक्त अंक जोड़कर बराबरी पर लाया जाता है।

### इनमें होगा नॉर्मलाइजेशन

- पशु परिचर सीधी भर्ती
- पर्यवेक्षक (महिला अधिकारिता) सीधी भर्ती
- छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-II सीधी भर्ती (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)
- पर्यवेक्षक (महिला) (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) सीधी भर्ती
- छात्रावास अधीक्षक सीधी भर्ती (अल्पसंख्यक मामलात विभाग)
- पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती
- लिपिक ग्रेड-II/ कनिष्क सहायक संयुक्त सीधी भर्ती
- शीघ्र लिपिक/ निजी सहायक ग्रेड-II संयुक्त सीधी भर्ती
- कनिष्ठ अनुदेशक (4 ट्रेड) सीधी भर्ती
- कनिष्ठ अनुदेशक (16 ट्रेड) सीधी भर्ती


NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR
निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर
Established by the Rajasthan State Legislature vide Act No.2 of 2017 and recognised U/s 2(f) of the UGC Act 1956
ADMISSIONS OPEN 2024-25
REGISTER NOW
B.Com, M.Com
BCA, MCA
BDS, MDS
B.Tech., M.Tech.
B.Sc., M.Sc.
BA, MA
D.MLT, B.MLT
B.Pharm, D.Pharm
Yoga
BPT, MPT
B.Sc. Nursing
LL.B., LL.M.
B.Sc. (Hons.) Agri, M.Sc. (Ag) Agronomy, DAESI
SALIENT FEATURES
• Industry Oriented Programmes
• Lush Green Campus
• Modern Infrastructure
• Highly Qualified & Committed Faculty
• Hi-Tech Labs
• Interdisciplinary Research Cell
• Innovative Teaching-Learning
• Placement Cell
• Wi-Fi- enabled Campus & Hostel
• Separate Hostel for Boys'& Girls'
• Transportation Facilities
• Sports Facilities
• Extra-Curricular Activities
• Admissions through CUET 2024-25
INNOVATION CULTURE
Inculcate the Spirit of Innovation: Be part of a Culture that Fuels Creativityand Drives Progress
BEST FACULTY
Unlock Your Potential under the Guidance of the Best Faculty: Empowering Minds and Shaping Futures
TOP PLACEMENT
Elevate your Career to New Heights with Premier Placements, where Success Paves its way
GLOBAL TIE-UPS
Broaden your Horizons and Seize Limitless Opportunities across the Globe through International Partnerships
idp
sas
25+ STATES
20000+ STUDENTS' NETWORK
25 Yrs' OF EXCELLENCE IN HIGHER EDUCATION
MORE INFORMATION: +91 9289800300
MAIN CAMPUS : Nirwan University Jaipur, Near Bassi- Rajadhok Toll, Agra Road, Jaipur- 303305,
CITY OFFICE : 21, Sahkar Marg, 1st Floor, Near 22 Godam Circle, Jaipur – 302019 Rajasthan,
Call : +91 141- 2228000 | Email : info@nirwanuniversity.ac.in | Website : www.nirwanuniversity.ac.in

## जरूरी खबर

### भतीजे की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार



**अलवर।** जिले की रैणी थाना पुलिस ने क्षेत्र के सालोली गांव में घर के बाहर बैठे सगे भाई व भतीजे के ऊपर लाठी-कुल्हाड़ी से वार कर भतीजे की निर्मम हत्या के आरोपी चाचा किशन सैनी उसके बेटे खेमराज को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि घटना के बारे में गांव सालोली निवासी मृतक धर्मेंद्र के भाई ने रिपोर्ट दी कि 2 जून को धर्मेंद्र व उसके पिता किशनलाल घर के चबूतरे पर बैठे हुए थे। तभी चाचा और अन्य ने हमला कर दिया।

### तीन घंटें देरी से चलेगी गंगानगर-बांद्रा टर्मिनस ट्रेन

**सीकर।** सीकर के रास्ते चलने वाली श्रीगंगानगर-बांद्रा टर्मिनस ट्रेन गुरुवार को श्रीगंगानगर से 3 घंटे की देरी से चलेगी। रेलवे ने इस संबंध में सूचना जारी की है। रेलवे से मिली सूचना के अनुसार अजमेर मंडल के पिंडवाड़ा और बनास स्टेशन के बीच ब्रिज संख्या 742 पर 7 जून को आरसीसी ब्लॉक डालने के चलते ट्रैफिक ब्लॉक किया जा रहा है। ऐसे में गाड़ी संख्या 14701, श्रीगंगानगर-बांद्रा टर्मिनस ट्रेन श्री गंगानगर से 6 जून को 3 घंटे की देरी से चलेगी। गौरतलब है कि यह ट्रेन सीकर के रास्ते होकर चलती है। जिसका सीकर स्टेशन पर 5 मिनट के लिए ठहराव भी होता है।

### ऋण आवेदनों का करें त्वरित निस्तारण आमजन को दें राहत



**चूरू।** जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्श-दात्री समिति की मार्च, 2024 तिमाही के लिए बैठक बुधवार को जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला कलक्टर सत्यानी ने जिले के बैंकों को विभिन्न राजकीय ऋण योजनाओं में प्राप्त आवेदनों को एक तय समय सीमा में निस्तारण करने और जिले के निजी बैंकों को भी राजकीय ऋण योजनाओं में ऋण वितरण करने के आदेश प्रदान किए। इसके साथ सभी बैंकों से 30 जून को समाप्त तिमाही हेतु विभिन्न राजकीय ऋण योजनाओं के आबंटित लक्ष्यों को प्राप्त करने और ऋण आवेदनों के लंबित रहने के कारण भी बताने हेतु निर्देश प्रदान किए।

---

**वन माफियायों की ओर से जा रही लकड़ी की तस्करी, शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं**

# खेजड़ी के वृक्ष की अंधाधुंध कटाई, छा रहा अस्तित्व पर संकट

**बेधड़क | रेनवाल (जयपुर)**

विश्व पर्यावरण दिवस बुधवार को सभी जगह धूमधाम से मनाया गया। लेकिन राजधानी जयपुर से कुछ किलोमीटर की दूरी पर मौजूद रेनवाल और आसपास के इलाके में प्रशासन की उदासीनता से पर्यावरण खतरा मंडरा रहा है।

राज्य वृक्ष खेजड़ी की राजस्व विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते ्रअंधाधुंध कटाई की जा रही है। बावजूद इसके राजस्थान की इस धरोहर को बचाने की मुमकिन कोशिश नहीं की जा रही है। यही वजह है कि राज्य वृक्ष खेजड़ी अब क्षेत्र में विलुप्त होने की कगार पर है। क्षेत्र में हो रही हरे पेड़ों की कटाई को लेकर पर्यावरण प्रेमियों में वन माफियाओं और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ रोष व्याप्त है। वहीं, रेनवाल क्षेत्र में खेजड़ी के पेड़ों की हो रही अवैध कटाई को लेकर वन विभाग रेंजर दूदू राजेंद्र खींची ने कहा कि हम समय-समय पर गश्त भी करते हैं और हरे पेड़ों की लकड़ी का परिवहन करने वालों पर कार्रवाई करते हैं। रेनवाल क्षेत्र में कई आरा मशीन अवैध रूप से संचालित हो रही है हाल ही में दो आरा मशीनों



### रात के अंधेरे में लगती है बड़ी मंडी

प्रदेश में खेजड़ी को राज्य वर्ष का दर्जा मिले 40 साल पूरे हो गए हैं, लेकिन इस वृक्ष की अंधाधुंध कटाई की रोकथाम को लेकर कोई कदम नहीं उठाए जा रहे। अकेले रेनवाल में ही धड़ल्ले से रोजाना वृक्षों की बलि दी जा रही है। रेनवाल वह क्षेत्र है, जहां राजस्थान की सबसे बड़ी हरे पेड़ों की लकड़ी की मंडी लगती है। यहां रात के अंधेरे में उनकी बोली लगाई जाती है और इन्हें आरा मशीनों पर काटने के लिए भेजा जाता है। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी अपनी आंखें मूंदे बैठे हैं और इसी का नतीजा है कि अब क्षेत्र में राज्य वृक्ष खेजड़ी विलुप्त होने की कगार पर है।

### वन माफिया के हुए हौसले बुलंद

राज्य वृक्ष खेजड़ी की क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध कटाई को लेकर वन विभाग की कोई कार्रवाई नजर नहीं आती है। लगातार शिकायतों के बावजूद भी वन विभाग और स्थानीय प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं है। पर्यावरण प्रेमियों ने बताया कि रोजाना प्रशासन की नाक के नीचे यह सारा खेल बे-रोक टोक चलता है, लेकिन प्रशासन वन माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं करता है। वन माफिया खुलेआम सड़कों पर ट्रैक्टरों में हरे पेड़ों को काटकर मंडी में पहुंचा रहे हैं। यहां पेड़ों की बोली लगने के बाद यह लकड़ी मशीनों पर कटने जाती है।

### सरकार को लग रहा करोड़ों रुपए के राजस्व का चूना

एक और जहां राज्य वृक्ष खेजड़ी के पेड़ों को बचाने के लिए मारवाड़ क्षेत्र में अमृता देवी सहित 363 लोगों ने अपने प्राणों की बलि दे दी थी, वहीं रेनवाल क्षेत्र में राज्य वृक्ष के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। इलाके में बिना भू रूपांतरण के कृषि भूमियों पर अवैध कॉलोनी बसाई जा रही है, जिसके चलते पर्यावरण के साथ-साथ सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का चूना लगा रहे हैं। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण और अवैध कॉलोनी के खिलाफ प्रशासन के द्वारा कार्रवाई नहीं करना इनकी कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। अगर समय रहते वन माफियाओं पर लगाम नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में क्षेत्र से खेजड़ी के वृक्ष विलुप्त हो जाएंगे।

---

**खाने में जहर के शक में हुआ था विवाद, नेपाल भाग रहे थे आरोपी**

# दो साधुओं की हत्या का खुलासा आरोपी साधु-साध्वी गिरफ्तार

**बेधड़क | झूंझुनू**

जिले की पचेरीकलां पुलिस ने तीन दिन पहले हुई दो साधुओं के हत्याकांड का बुधवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपी साधु-साधवी को नेपाल बार्डर से गिरफ्तार किया है। शराब के नशे में खाने में जहर मिलाने पर हुए झगड़े के बाद यह वारदात हुई थी।

पुलिस ने बताया कि एक जून को सूचना मिली थी कि नावता के हरियाणा राज्य की सीमा के पास खेतों में दो व्यक्तियों के शव पड़े हुए हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्ती के प्रयास किए तो उनकी पहचान जवाहर गिरी आश्रम के महंत विशिष्ट गिरी व सेवादार बगड़ निवासी गौतम सिंह के रूप में हुई है। इस दौरान पुलिस ने दोनों साधुओं की हत्या की वारदात सामने आने पर जानकारी जुटाई तो सामने आया कि दोनों सिंघाना थाना क्षेत्र के भोदन गांव के बल्लागिरी आश्रम में आए थे। इस दौरान आश्रम में छोटे सिंह उर्फ लखनदास व अनसुईया दास त्यागी की संदिग्ध भूमिका सामने आई है, जो घटना के बाद मौके से फरार हो गए थे।

आरोपियों की तलाश में पुलिस ने पांच टीमों का गठन कर उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी है। इस दौरान पुलिस ने यूपी के मोहरा गांव में दबिश देकर छोटे सिंह उर्फ लखनदास व अनसुईया दास त्यागी निवासी नीमखेड़ा एमपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि विशिष्ट गिरी, गौतम सिंह व लखनदास तीनों आश्रम में बैठकर शराब पी रहे थे। इस दौरान आरोपी लखनदास व मृतक विशिष्ट गिरी के बीच अनसूईया द्वारा बनाए गए भोजन में जहर मिलाने की बात पर झगड़ा हो गया। इस दौरान लखनदास ने ईंट से वारकर विशिष्ट गिरी की हत्या कर दी, जब गौतम सिंह ने बचाने का प्रयास किया तो लखनदास व अनसुईया ने गला घोंटकर उसकी भी हत्या कर दी। वो दोनों शवों को गाड़ी में डालकर नावता के पास हरियाणा सीमा पर खेतों में डालकर फरार हो गए।



### सोशल मीडिया से हुई शवों की पहचान

पुलिस ने दोनों शवों को बुहाना सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाया था। सोशल मीडिया फोटो डालने से अगले दिन मृतकों की पहचान हो पाई। मृतक विशिष्ट गिरी (45) भिवानी के जवाहर आश्रम में रहता था। वहीं सेवक गौतम (42) पुत्र भागीरथ सिंह झुंझुनूं के बगड़ का रहने वाला था। गौतम पिछले छह माह से सेवादार के रूप में काम करने के लिए आश्रम में गया हुआ था और दोनों ही साथ ही थे।

### सीसीटीवी कैमरों से मिली सफलता

पुलिस ने बताया कि विशिष्ट गिरी महाराज के पास 15 लाख रुपए और एक गाड़ी होने की बात सामने आई थी। जो गायब मिली। पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलावा हरियाणा के गोद बलाहा, भांखरी, में लगे सीसीटीवी कैमरों से जानकारी जुटाई। इस दौरान पुलिस को एक संदिग्ध गाड़ी नजर आई जो राजस्थान सीमा में घुसने के कुछ समय बाद ही वापस हरियाणा की ओर चली गई थी। संदिग्ध गाड़ी का पता लगाने व वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस की पांच टीमों का गठन किया गया था।

---

**मायरा लेकर जा रहे थे भोपालगढ़**

## टायर फटने से पलटी बस, एक की मौत, दो दर्जन से अधिक घायल



**बेधड़क | जोधपुर**

शहर के निकटवर्ती पाल गांव से बुधवार को एक देवासी परिवार मायरा लेकर भोपालगढ़ के लिए रवाना हुआ।

थबुकड़ा के पास अचानक बस के दो टायर फट गए और बस अनियंत्रित होकर पलटी खा गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

भोपालगढ़ के देवातड़ा गांव के पास जब हादसा हुआ, तो रजलानी सरपंच पारस गुर्जर और कुछ साथी अपने निजी वाहनों से हाइवे से गुजर रहे थे। उन्होंने घायलों को अपनी गाड़ियों से अस्पताल पहुंचाया। बस में सवार सोहनराम पुत्र घमंडाराम देवासी निवासी पाल की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। बनाड़ थानाधिकारी प्रेमदान रतनू ने बताया कि हादसे में घायल दो जनों की स्थिति नाजुक है। सभी का एमडीएम में उपचार चल रहा है।

देवासी परिवार की बेटी के घर में विवाह है। जिसमें भात (मायरा) भरने के लिए के बस में 30 से ज्यादा लोग रवाना हुए थे। लेकिन देवतडा पहुंचने से पहले ही हादसा हो गया। जिससे परिवार का खुशी का माहौल गम में बदल गया। फिलहाल परिवार की लगभग हर महिला इस हादसे में चोटिल हुई है। जिनका एमडीएम अस्पताल में उपचार चल रहा है। रजलानी सरपंच पारस गुर्जर, गणेश देवासी, भोमाराम देवासी, मंडोर एएसपी पीयूष कविया, बनाड़ थानाधिकारी प्रेमदान भी एमडीएम अस्पताल पहुचे।

---

**वकील की पुत्री और साथी अधिवक्ताओं का आरोप**

## वकील ने पानी की समस्या से परेशान होकर की आत्महत्या

**बेधड़क | अलवर**

शहर के भैरू का चबूतरा मोहल्ले में एक बुजुर्ग वकील ने आत्महत्या कर ली। वकील की पुत्री ने बुधवार सुबह उनके कमरे में जाकर देखा तो वह आत्महत्या की स्थिति में पाए गए। बाद में पुत्री ने पुलिस, परिजनों, पड़ोसी और मृतक के परिचितों को इसकी सूचना दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल भिजवाया। हालांकि थाने में आत्महत्या की रिपोर्ट दी गई है, लेकिन मृतक की पुत्री व परिचित वकीलों का कहना है कि वे लंबे समय से पानी की समस्या से परेशान थे। शहर कोतवाली के एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि भैंरू का चबूतरा पर बुजुर्ग वकील मोहनलाल के आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि परिजनों ने मोहनलाल की ओर से आत्महत्या करने की रिपोर्ट दी है। मृतक की पुत्री आरती ने बताया कि उनके पिता वकालत करते थे। वे लंबे समय से पानी की समस्या से परेशान थे। पानी नहीं आने के कारण पड़ोस से पानी लाते थे। कभी टैंकरों से पानी भरवाते थे। उनके पिता पानी की समस्या से परेशान रहते थे। वहीं मृतक के परिचित वकील अजय मोहन का कहना है कि वकील मोहनलाल पानी की समस्या को लेकर चर्चा करते थे।



---

**विश्व पर्यावरण दिवस पर बांटे पेड़ और जूट के थैले**

## रैली से दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**बेधड़क | सीकर**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय सीकर के तत्वावधान मे स्मृति वन में जागरूकता रैली निकाली गई एवं जूट के थैलों व पेड़- पौधो का वितरण किया गया।

क्षेत्रीय प्रबंधक गिरीश मुंजाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम मे पर्यावरण संरक्षण के प्रति भारतीय स्टेट बैंक की प्रतिबद्धता के बारे मे बताया गया। सौर ऊर्जा को महत्व देते हुए गिरीश मुंजाल ने समुदाय से हरित भविष्य के लिए नवीकरणीय संसाधनों जैसे सोलर पैनल आदि का उपयोग करने का आग्रह किया। इस दौरान स्वस्थ पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आमजन के बीच पौधे वितरित किए गए। समारोह में प्लास्टिक प्रदूषण के बढ़ते खतरे से निपटने के प्रति जागरूकता बढ़ाने व पर्यावरण के अनुकूल विकल्प चुनने के लिए जूट के थैलों का वितरण किया गया ताकि आमजन को प्लास्टिक उत्पादो का उपयोग कम करने के प्रति जागरूकता किया जा सके। कार्यक्रम में बैंक अधिकारीयों एवं कर्मचारियों सहित स्थानीय समुदाय की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई जो पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस तरह की पहलों के माध्यम से, भारतीय स्टेट बैंक हमेशा आगे बढ़कर समाज को जागरूक करता है। भारतीय स्टेट बैंक का उद्देश्य एक स्वच्छ, हरित कल की दिशा में योगदान देना है।

समारोह मे क्षेत्रीय प्रबंधक गिरीश मुंजाल,नरेंद्र सांखला, रामकिशोर मीना, गौरव सिंह, विवियन जुबेन मार्क, सुनील शर्मा, ओमप्रकाश मील, विजेंद्र शर्मा, सुरेश कुमार एवं बैंक के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।




---

**खाटूश्यामजी की अनोखी भक्त आरती की सड़क हादसे में मौत**

# सरकारी नौकरी छोड़ खाटूश्यामजी के दर पर बसी थी, मृत्यु भी यहीं

**बेधड़क | सीकर**

जिले में रींगस से खाटूश्यामजी रोड़ पर स्विफ्ट कार की टक्कर से खाटूबाबा की एक अनोखी महिला भक्त की मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाली भक्त आरती बाबा की परम भक्त थी। वह सरकारी हॉस्पिटल में संविदा पर नौकरी छोड़कर बाबा की सेवा में लग गई थी। वह हर दिन पदयात्रा करके बाबा को निशान चढ़ाने जाती थी।

टक्कर के बाद कार पेड़ से टकरा गई वहीं युवती 20 फीट उछलकर सड़क पर जाकर गिरी। टक्कर मारने के बाद कार सवार चार लोग भाग गए। रींगस थाना एसआई दिप्ती रानी ने बताया- मौके पर मौजूद लोगों ने आरती को हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसआई ने बताया कि आरती टांक (35) पुत्री रामस्वरूप टांक मूल रूप से अजमेर की रहने वाली थी। हाल रींगस में वृंदावन धर्मशाला में रहती थी। आज रींगस के खाटूश्यमाजी मोड पर बाबा श्याम के ध्वज की पूजा-अर्चना करके बाबा की पदयात्रा के लिए जा रही थी। रींगस से 6 किलोमीटर दूर लाखनी टोल प्लाजा से 600 मीटर आगे निकलते ही रींगस की ओर से आ रही स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी। आरती 20 फीट उछलकर दूर जा गिरी। इसके बाद कार पेड़ से जा टकराई। कार में कुल चार लोग सवार थे, जिसमें एक महिला भी थी। हादसे के बाद चारों भाग गए। हादसे की सूचना परिजनों को



### 11 साल में 25 हजार से ज्यादा निशान चढ़ा चुकी थी

आरती खाटूबाबा की परम भक्त थी। दो साल पहले उस समय चर्चा में आईं, जब वह देवउठनी एकादशी पर बाबा के दर्शन करने आई थी। तब उसने संकल्प लिया था कि फाल्गुनी मेले की एकादशी तक रोजाना खाटूश्याम की पदयात्रा करेंगी। इन पदयात्राओं से 5100 ध्वज बाबा के मंदिर में चढ़ाएगी। अपना संकल्प पूरा करने के लिए आरती इन दिनों हर दिन रींगस से खाटूश्यामजी 17 किलोमीटर की पदयात्रा कर रही थी। बाबा खाटूश्यामजी की आराधना करने के लिए 70 किलो वजन उठाकर पैदल चलती थी। आरती कभी 21 तो कभी 51 ध्वजा लेकर वे पदयात्रा में नाचते-गाते चलती थी। रास्ते में चलते लोग भी आरती के साथ चल पड़ते थे। आरती की बड़ी बहन अल्का ने बताया कि आरती ने एमए पास करने के बाद जयपुर के एक निजी हॉस्पिटल में काम किया था। 2014 में आरती को बाबा श्याम की ऐसी लगन लगी कि परिवार को छोड़कर खाटू नगरी में बस गई थी। 11 सालों में वह बाबा श्याम को अब तक 25000 निशान चढ़ा चुकी है। बस ड्राइवर भी इनकी श्रद्धा को देखते हुए 10 सालों से आरती को निशुल्क यातायात सुविधा उपलब्ध करवा रहे थे।

### कार ट्रेक्टर हादसे में महिला की मौत, तीन घायल

**सीकर।** जिले के फतेहपुर में पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबिक तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार सभी लोग खाटूश्यामजी के दर्शन कर खींवसर (सरदारशहर) जा रहा था कि अचानक हरसावा के पास सड़क हादसा हो गया। घायलों को राजकीय धानुका उप जिला अस्पताल लाया गया। जहां पर एक महिला को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। वहीं महिला के पति सहित दो को गंभीर स्थिति में सीकर रैफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि सरदारशहर के रहने वाले सभी लोग खाटूश्यामजी दर्शन कर वापस अपने घर जा रहा था कि हरसावा के पास अचानक आगे चल रहे ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गई। हादसे में अंजना पत्नी तोलाराम (24) की सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं मृतका के पति तोलाराम, और अंजना की मां सुमित्रा तथा संतोष गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें सुमित्रा और तोलाराम को प्राथमिक उपचार के बाद सीकर रैफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि सरदारशहर के रहने



वाले सभी लोग खाटूश्यामजी दर्शन कर वापस अपने घर जा रहा था कि हरसावा के पास अचानक आगे चल रहे ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गई। हादसे में अंजना पत्नी तोलाराम (24) की सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं मृतका के पति तोलाराम, और अंजना की मां सुमित्रा तथा संतोष गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें सुमित्रा और तोलाराम को प्राथमिक उपचार के बाद सीकर रैफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलने पर धानुका अस्पताल फतेहपुर आए परिवार के सदस्यों ने बताया कि तोलाराम का परिवार नियमित रूप से दो या तीन माह में एक बार खाटूश्याम के दर्शन करने के लिए आता रहता है।

## जरूरी खबर

### ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा पर नौका विहार करेंगे हनुमान



**जयपुर।** नाहरी का नाका शास्त्री नगर स्थित श्री चमत्कारेश्वर वीर हनुमान मंदिर प्रांगण में ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा पर 22जून को जल विहार झांकी का भव्य आयोजन होगा। मंदिर प्रवक्ता पुजारी धीरज कुमार पारीक ने बताया कि ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा पर महंत सुरेश पारीक के सान्निध्य में जलविहार झांकी का आयोजन होगा। इस अवसर पर पवन पुत्र हनुमान जी महाराज नौका विहार करते नजर आयेंगे। भगवान को तरबूज, खीरा, लस्सी, पंजीरी सहित शीतल पेय का भोग लगाया जाएगा। ऋतु पुष्पों से भगवान का विशेष शृंगार किया जाएगा। वर्तमान में गर्मी बढ़ने के कारण हनुमंत सरकार को सूती पोशाक धारण करवाई जा रही है व खान पान सहित दिनचर्या में विशेष बदलाव किया गया है।

### जयपुर में ड्राई-डे पर पकड़ी 45 पेटी शराब



**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के मतगणना दिवस पर घोषित ड्राई-डे पर जयपुर पुलिस ने अवैध शराब की 45 पेटी पकड़ी है। पुलिस को देखकर तस्कर मौके पर शराब की पेटियां और स्कूटी छोड़कर भाग निकले। सांगानेर सदर थाना पुलिस ने अवैध शराब और स्कूटी जब्त कर तस्करों की तलाश शुरू कर दी है। एसएचओ सांगानेर सदर पूनम चौधरी ने बताया कि ड्राई-डे पर मंगलवार रात सूचना मिली कि बदनपुरा पुलिया रिंग रोड के पास तीन मंजिला दुकानों के ग्राउंड फ्लोर पर एक पिकअप से दो तस्कर अवैध देसी शराब का स्टोरज कर रहे हैं। पुलिस टीम पहुंची तो तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर पिकअप लेकर फरार हो गए।

भंवरिया कालेट का कराची में होगा मंचन

# पाकिस्तान थिएटर फेस्टिवल में खेला जाएगा जयपुर का नाटक

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर के रंगकर्मी सिकंदर खान के लिखित व निर्देशित नाटक भंवरिया कालेट को पाकिस्तान में मंचित करने के लिए निमंत्रण मिला है। यह निमंत्रण आर्ट काउंसिल ऑफ पाकिस्तान कराची की ओर से आयोजित पाकिस्तान थिएटर फेस्टिवल 2024 के लिए मिला है। नाटक का मुख्य किरदार भंवरिया सिकंदर खान ही निभाते हैं।

सिकंदर ने बताया कि राजस्थानी संस्कृति को विदेशों में अपने नाटकों के जरिए प्रदर्शित करते आ रहे हैं। यह एक ऐतिहासिक आयोजन है, जो सीमाओं और भाषाओं से परे है। एक ही छत के नीचे वैश्विक सांस्कृतिक विविधता और विभिन्न शैलियों का नजारा दिखाई देगा। इस महोत्सव में उर्दू, राजस्थानी,अंग्रेजी, तुर्की, जर्मन, सिंहल, फारसी, पंजाबी और सिंधी सहित विभिन्न भाषाओं में 10 देशों से चयनित ग्रुप्स नाटक प्रस्तुत करेंगे। फेस्टिवल के दौरान टॉक शो व कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमारा नाटक भंवरिया कालेट नाटक अंतरराष्ट्रीय रंग महोत्सवों में अपनी पहचान बना चुका है। केन्या इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल 2021, एशियन यूथ थिएटर फेस्टिवल कंबोडिया 2022, वेरमा इंटरनेशनल यूथ थिएटर फेस्टिवल बुल्गारिया यूरोप 2023 में मंचित हो चुका है। सिकंदर खान मलेशिया यूनाइटेड रेजिडेंसी प्रोग्राम 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके है। गत वर्ष फिलिपींस एशियन यूथ थिएटर फेस्टिवल 2023 में नाटक मकतूब का मंचन कर विश्वभर में सुर्खियां बटोर चुके है।



### 17 जून को करेंगे बाली के लिए प्रस्थान, जलवायु पर बनाएंगे नाटक

इस वर्ष भी वह इंडोनेशिया यूनाइटेड एशिया रेजीडेंसी प्रोग्राम बाली 2024 के लिए 17 जून को बाली के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां बदलती जलवायु जैसे गंभीर विषय पर रिसर्च कर नाटक तैयार करेंगे। और नवंबर माह में थाईलैण्ड में आयोजित एशियन यूथ थिएटर फेस्टिवल 2024 में प्रदर्शित करेंगे। भंवरिया कालेट नाटक में अपूर्वा चतुर्वेदी, मो. मोईन खान, महेश शर्मा, सूरज राज सिंह, महबूब, मनीषा शेखावत, अभय चतुर्वेदी, रोहिताश योगी, राजीव बैरवा , मो. दाऊद कुरैशी, रितिक लालानी, जितेंद्र सेन, जय सेनी, ईशांत हर्षवाल, विपुल सिंह है। सिकंदर खान ने बताया कि भंवरिया कालेट नाटक आधुनिक समाज में जीवनयापन के लिए मीरासी जाती के एक परिवार के दो भाइयों की संघर्ष कहानी है, जो समाज को मिलजुल कर रहने व सद्भावना का संदेश देती है।

जयपुर विकास प्राधिकरण ने अतिक्रमण मुक्त करवाई भूमि

# 3 स्थानों पर बन रही 6 अवैध कॉलोनियां को किया ध्वस्त

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण ने तीन स्थानों पर छः अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। जोन-13 में ग्राम नांगल पुरोहितान तहसील रामपुरा डाबरी में करीब 3.5 बीघा गैर-मुमकिन नाले की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। निजी खातेदारी की करीब 7 बीघा कृषि भूमि पर 2 नवीन अवैध कॉलोनियों का पूर्णतः ध्वस्तीकरण किया गया। जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 12 बीघा कृषि भूमि पर 04 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम नांगल पुरोहितान तहसील रामपुरा डाबरी के खसरा नं. 679 गैर-मुमकिन नाले की करीब 3.5 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर बाउण्ड्रीवाल बनाकर, तारबंदी कर अवैध रूप से फसल उगाई जा रही थी। इसकी शिकायत प्राप्त होने पर धारा 72 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के लिए पाबंद किया गया था, परन्तु अतिक्रमण नहीं हटाने पर अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।



### जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से तोड़ा

जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में चौमूं, कचौलियां रोड जिला जयपुर में करीब 2 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति भूमि को समतल करने के नाम पर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त हुई। प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से किया गया।

### चौमूं में भी बसाई जा रही थी अवैध कॉलोनी

जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित कस्बा चौमूं वीर हनुमान मन्दिर रोड़, जिला जयपुर में ही करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति भूमि को समतल कर 'बालाजी विहार' के नाम से रातों-रात मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन कॉलोनी बसाने की सूचना मिली। इस पर जेसीबी व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण के नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

### दहमीकलां में भी दो जगह कार्रवाई

इसी प्रकार जोन-12 के दहमीकलां, जिला जयपुर में करीब 2.5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृतिभूमि को समतल कर 'ऑफिसर्स कैम्पस' के नाम से विगत दिवसों में रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, चारदिवारी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त हुई थी। प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त किया। दहमीकलां में ही करीब 2.5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति लक्ष्मी सरोवर के नाम से रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, सीमेंट के ब्लॉक के बाउण्ड्रीवाल, चार दीवारी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना मिली थी। इसे प्रवर्तन दस्ते ने ध्वस्त किया।

विश्व पर्यावरण दिवस

# साइंस पार्क में विभिन्न प्रजातियों के 108 पौधे लगाए




**बेधड़क** | जयपुर

शांति एवं अहिंसा विभाग तथा स्वयंसेवी संगठन 'मित्राय-बी ह्यूमन (इंडिया) फाउंडेशन' के सहयोग से शास्त्री नगर स्थित साइंस पार्क में 108 पौधे लगाए गए।

इन पौधों में 20 अशोक, 2 मोलश्री, 3 कदंब, 3 गुलमोहर, 10 नीम, 5 करंज, 2 अर्जुन, 5 मोहिनगी, 5 जामुन, 5 आम, 2 कचनार, 5 बील, 3 आंवला, 2 पीपल, 7 बड़, 5 रुद्राक्ष, 5 कल्पवृक्ष, 5 पिलखन, 3 अंजीर, 5 शहतूत, 3 अमरुद, 3 थाई एपल थे। इस अभियान में वी. सरवण कुमार, शासन सचिव शांति एवं अहिंसा विभाग, विनोद कुमार जांगिड़-उपसचिव, रजनी मीणा, उपनिदेशक, प्रियंका यादव, मुख्य लेखाधिकारी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, कैलाश मिश्रा सहायक निदेशक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, शांति एवं अहिंसा निदेशालय का समस्त स्टॉफ एवं स्वयंसेवी संस्था 'मित्राय' के प्रतिनिधि डॉ. विनीत शर्मा, हरिशंकर शर्मा, संजय गुप्ता, एडवोकेट अशोक शर्मा, योग गुरु रश्मि, डॉ. अनामिका जैन आदि उपस्थित रहे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

नगर निगम ग्रेटर का नवाचार

# बच्चों को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर द्वारा बच्चों के लिए नवाचार करते हुए सामुदायिक केन्द्रों पर लगाए जा रहे समर कैंप-मस्ती की पाठशाला में बच्चों को मस्ती के साथ-साथ विभिन्न विधाएं, कलाएं सिखाई जा रही हैं। उन्हें आत्मरक्षा के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही जीवन जीने की कला भी सिखाई जा रही है। नगर निगम ग्रेटर द्वारा सातों जोनों के सामुदायिक केन्द्रों में यह समर कैंप 5 से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए लगाए जा रहे हैं, जिसमें 900 से भी अधिक बच्चे भाग ले रहे हैं। कैंप में 10 से भी अधिक विधाएं, कलाएं सिखाई जा रही हैं। इसमें बच्चे खेल-खेल में मनोरंजन के साथ-साथ गुड टच बेड टच गुड, हैबिट बेड हैबिट,सेल्फ डिफेंस, दैनिक विज्ञान, वेस्ट टू बेस्ट ,गीत संगीत डांस क्लास ,आत्मरक्षा का प्रशिक्षण, यातायात के नियम, स्वच्छता का महत्व सीख रहे हैं। यह शिविर 1 जून से आयोजित किया जा रहे हैं जो की 20 जून तक सभी सामुदायिक केन्द्रों पर आयोजित किए जाएंगे। विद्याधर नगर जोन में जोन मुख्यालय पर यह शिविर लगाया जा रहा है। इसके साथ ही मुरलीपुरा जोन में महला इंटरनेशनल स्कूल, वार्ड 9, प्रताप नगर, जगतपुरा जोन में राजस्थान आवासन मंडल के अधीन सामुदायिक केंद्र वार्ड नंबर 116 सेक्टर 26, सांगानेर जोन कार्यालय के पीछे सामुदायिक भवन, झोटवाड़ा जोन में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोकुलपुरा वार्ड 47, मानसरोवर जोन में सामुदायिक केंद्र सेक्टर 3 वरुण पथ मालवीय नगर महेश नगर सामुदायिक केंद्र में यह कैंप आयोजित किया जा रहे हैं।

नारायणा इंस्टीट्यूट के छात्रों ने नीट में मारी बाजी

# 70 से ज्यादा स्टूडेंट्स के 720 से ज्यादा मार्क्स

**बेधड़क** | जयपुर

नीट परीक्षा के परिणाम में नारायणा इंस्टीट्यूट के छात्रों ने बाजी मारी। इंस्टीट्यूट के 70 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने 720 से ज्यादा मार्क्स हासिल किए। नारायणा इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर आशीष अरोड़ा ने यह उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। अरोड़ा ने कहा कि इस बार अच्छा रिजल्ट आने के दो कारण हैं, एक तो बच्चों का प्रिपरेशन लेवल अपग्रेड हुआ और दूसरा पढ़ाई को लेकर डिसिप्लिन। उन्होंने कहा कि 4 साल पहले की बात करें तो 720 मार्क्स केवल 2 या 3 स्टूडेंट्स के ही आ पाते थे, लेकिन इस बार 70 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने इतने मार्क्स हासिल किए। यह इसलिए भी हुआ, क्योंकि एनटीए ने इस बार पूरा सिलेबस एनसीईआरटी पर फोकस रखा है। अब बाद भी सभी बच्चों को एम्स कॉलेज चुनौती यह है कि 720 मार्क्स लाने के नहीं मिल पाएगा।



हत्या कर महिला की लाश फेंकने के मामले का खुलासा

# अनैतिक दबाव में नहीं आई तो कर दिया मर्डर, दो आरोपी गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

चार दिन पहले हत्या कर महिला की लाश फेंकने के मामले में पुलिस ने बुधवार शाम खुलासा कर दिया है। करधनी पुलिस ने हत्या के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वेश्यावृत्ति के लिए भेजने से पहले शारीरिक संबंध बनाने से मना करने पर महिला से कहासुनी हो गई थी। गुस्से में दोनों आरोपियों ने गला दबाकर महिला की हत्या कर दी। पहचान छिपाने के लिए कुल्हाड़ी से वार कर चेहरा बिगाड़ा दिया। पुलिस ने लाश को फेंकने के लिए इस्तेमाल की गई वैन को जब्त कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने कालवाड़ इलाके में 2 साल पहले भी इसी तरह एक युवती का मर्डर करने की बात कबूली है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।





### सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों को पकड़ा

डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि हत्या के मामले में आरोपी आसाराम स्वामी (50) निवासी कुचामन सिटी डीडवाना हाल गोविंद सरोवर मंगलम सिटी के पास कालवाड रोड, करधनी और राहुल अग्रवाल (30) निवासी महवा (दौसा) हाल गणेश नगर मैन निवारू रोड, करधनी को अरेस्ट किया है। रविवार सुबह करीब 6 बजे मंगलम सिटी के पास सड़क किनारे न्यूड हालत में महिला की चेहरा कुचली हुई लाश मिली थी। पुलिस ने हत्यारे को पकड़ने के साथ ही महिला की पहचान के प्रयास शुरू किए। वेस्ट की डीएसटी और थानों की 45 टीमों ने लाश फेंकने वाली गाड़ी को ढूंढने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले। वारदात स्थल से आने-जाने वाली गाड़ियों के एंट्री और एग्जिट को देखकर 600 वाहनों को चिह्नित किया गया। एक ओमनी वैन को चिह्नित कर पुलिस टीम बदमाशों तक जा पहुंची। पुलिस ने दोनों आरोपी आसाराम और राहुल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने हत्या कर लाश ठिकाने लगाना स्वीकार कर लिया। इसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### पहले गला दबाकर मारा, फिर चादर में बांधकर फेंका

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल से 40 साल की महिला को वेश्यावृत्ति के लिए जयपुर बुलाया था। वेश्यावृत्ति को भेजने के लिए महिला को अपने साथ ही रखा था। रविवार रात को निवारू रोड स्थित मकान पर दोनों ने शराब पार्टी की। शराब पार्टी के बाद दोनों ने महिला से उनके साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर गुस्से में उन्होंने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद पहचान छिपाने के लिए कुल्हाड़ी से चेहरे पर कई वार किए। हत्या करने के बाद लाश के दोनों पैर तौलिए से बांधे और बेडशीट में बांध दिया। इसके बाद देर रात कार में डालकर शव को मंगल सिटी की तरफ जाने वाली रोड के पास गड्ढे में फेंक दिया। लाश के पास ही एक प्लास्टिक के कट्टे में महिला के कपड़े, तकिया और खून लगी बेडशीट फेंक कर निकल गए।


# तेरह मिनट के गीत में गांधी का जिंदगीनामा !



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

फिल्मी दुनिया में राजेन्द्र कृष्ण वह गीतकार हैं, जिन्होंने हिंदी फिल्मों की कहानी, स्क्रिप्ट और संवाद भी लिखे। हर मैदान में वे कामयाब रहे, लेकिन उनकी पहचान गीतकार की ही है। साल 1948 में राजेन्द्र कृष्ण ने एक ऐसा गीत लिखा, जिससे वे फिल्मी दुनिया में हमेशा के लिए अमर हो गए। 30 जनवरी, 1948 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या हुई। बापू की इस शहादत से पूरा देश गमगीन हो गया। राजेन्द्र कृष्ण भी उनमें से एक थे। बापू के जानिब अपने जज्बात को उन्होंने एक जज्बाती गीत 'सुनो सुनो ऐ दुनिया वालों बापू की ये अमर कहानी' में ढाला। तकरीबन तेरह मिनिट के इस लंबे गीत में महात्मा गांधी का पूरा ज़िंदगी-नामा है। मोहम्मद रफी की दर्द भरी आवाज़ ने इस गाने को नई ऊंचाईयां पहुंचा दी। आज भी ये गीत जब कहीं बजता है, तो देशवासियों की आंखें नम हो जाती हैं। इस गीत को सुनकर, देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू भी अपने आंसू नहीं रोक पाए थे। उन्होंने मो. रफी को अपने घर बुलाया और उनसे वही गीत की फरमाइश की। पं. नेहरू उनके इस गाने से इतना मुतास्सिर हुए कि स्वतंत्रता दिवस की पहली वर्षगांठ पर उन्होंने मोहम्मद रफी को एक सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया। मो.रफी को अपनी पूरी ज़िंदगानी में कई सम्मान-पुरस्कार मिले। दुनिया भर में फैले उनके प्रशंसकों ने उन्हें ढेर सारा प्यार दिया। लेकिन पं.नेहरू द्वारा दिए गए, इस सम्मान को वे अपने लिए सबसे बड़ा सम्मान मानते थे।

पूरे चार दशक तक राजेन्द्र कृष्ण का फिल्मों में सिक्का चला। इस दरमियान उन्होंने कई ऐसे नायाब गीत लिखे, जो आज भी उसी तरह से पसंद किए जाते हैं। उनके लिखे गीतों का कोई जवाब नहीं। वे सचमुच लाजवाब हैं। साल 1953 में फिल्म 'अनारकली' और साल 1954 में आई 'नागिन' में उनके लिखे सभी गाने सुपर हिट साबित हुए। इन गानों की कामयाबी ने राजेन्द्र कृष्ण के नाम को देश के घर-घर तक पहुंचा दिया। फिल्म 'अनारकली' में यूं तो उनके अलावा तीन और गीतकारों जांनिसार अख़्तर, हसरत जयपुरी, शैलेन्द्र ने गीत लिखे थे, लेकिन राजेन्द्र कृष्ण के लिखे सभी गीत बेहद पसंद किए गए। 'जिंदगी प्यार की दो-चार घड़ी होती है..', 'जाग दर्दे-ए इश्क जाग', 'ये ज़िंदगी उसी की है' और 'मोहब्बत में ऐसे कदम डगमगाए' उनके लिखे गीतों को हेमंत कुमार और लता मंगेशकर की जादुई आवाज ने नई बुलंदियों पर पहुंचा दिया। इसी फिल्म से उनकी जोड़ी संगीतकार सी.रामचंद्र के साथ बनी। इस जोड़ी ने आगे चलकर कई सुपर हिट फिल्में 'पतंगा', 'अलबेला', 'पहली झलक' और 'आज़ाद' आदि दीं। इन फिल्मों में लता मंगेशकर द्वारा गाए गए गीत खूब लोकप्रिय हुए। फिल्म 'नागिन' की कामयाबी के पीछे भी राजेन्द्र कृष्ण के गीतों का बड़ा योगदान था। इस फिल्म में उन्होंने एक से बढ़कर एक गीत 'मन डोले, तन डोले, मेरे दिल का गया क़रार रे', 'मेरा दिल ये पुकारे आजा', 'जादूगर सैयां छोड़ मोरी बैयां' लिखे। संगीतकार हेमंत कुमार के शानदार संगीत और लता मंगेशकर की आवाज़ ने इन गीतों को जो ज़िंदगी दी, वह आज भी इसके चाहने वालों के दिलों में धड़कन की तरह धड़कते हैं।



**गीतकार राजेन्द्र कृष्ण की जयंती पर विशेष**

> *राजेन्द्र कृष्ण को जब भी मौका मिला, उन्होंने अपने गीतों और संवादों से देशवासियों को सरल शब्दों में एक संदेश दिया। सीधे-सच्चे लफ्ज और सादा अंदाज में वे ऐसे गीत लिखते थे, जो दिलों में गहरे तक उतर जाते थे। अपने शानदार गीतों के लिए राजेन्द्र कृष्ण कई पुरस्कारों और सम्मान से भी नवाजे गए।*

फिल्मी दुनिया में काम पाने के लिए राजेन्द्र कृष्ण को ज़्यादा जद्दोजहद नहीं करनी पड़ी। उन्हें सबसे पहले फिल्म 'जनता' की पटकथा लिखने को मिली। यह फिल्म साल 1947 में रिलीज़ हुई। उसी साल उनकी एक और फिल्म 'ज़ंजीर' आई, जिसमें उन्होंने दो गीत लिखे। लेकिन उन्हें असल पहचान मिली फ़िल्म 'प्यार की जीत' से। साल 1948 में आई इस फ़िल्म में संगीतकार हुस्नलाल भगतराम का संगीत निर्देशन में उन्होंने चार गीत लिखे। फिल्म के सारे गाने ही सुपर हिट हुए। ख़ास तौर पर अदाकारा सुरैया की सुरीली आवाज़ से राजेन्द्र कृष्ण के गाने 'तेरे नैनों ने चोरी किया मेरा छोटा सा जिया परदेसिया' में जादू जगा दिया। गाना पूरे देश में ख़ूब मकबूल हुआ।हिंदी फिल्मों में राजेन्द्र कृष्ण के गीतों की कामयाबी का सिलसिला एक बार शुरू हुआ, तो उन्होंने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। एक के बाद एक उनकी ऐसी कई फिल्में आईं, जिनके गीतों ने ऑल इंडिया में धूम मचा दी। साल 1949 में फिल्म 'बड़ी बहन' में उन्हें एक बार फिर संगीतकार हुस्नलाल भगतराम के संगीत निर्देशन में गीत लिखने का मौका मिला। इस फिल्म के भी सभी गाने हिट हुए। ख़ास तौर पर 'चुप-चुप खड़े हो ज़रूर कोई बात है..' और 'चले जाना नहीं..' इन गानों ने नौजवानों को अपना दीवाना बना लिया। सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की आवाज़ ने इन गीतों में वह कशिश पैदा कर दी, जो आज भी दिल पर असर करती है। फ़िल्म 'बहार' (साल-1951) में शमशाद बेगम का गाया गीत 'सैंया दिल में आना रे..' भी ख़ूब मकबूल हुआ। इन गानों ने राजेन्द्र कृष्ण को फिल्मों में गीतकार के तौर पर स्थापित कर दिया।

सरल, सहज जबान में लिखे राजेन्द्र कृष्ण के गीत लोगों के दिलों में बहुत ज़ल्द ही अंदर तक उतर जाते थे। जहां उन्हें मौका मिलता, उम्दा शायरी भी करते। संगीतकार मदन मोहन के लिए उन्होंने जो गाने लिखे, वह अलग ही नजर आते हैं। मिसाल के तौर पर फिल्म 'अदालत' में राजेन्द्र कृष्ण ने एक से बढ़कर एक बेमिसाल गजलें 'उनको ये शिकायत है कि हम कुछ नहीं कहते', 'जाना था हमसे दूर बहाने बना लिए' और 'यूं हसरतों के दाग मुहब्बत में धो लिए' लिखीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## लोकसभा चुनाव 2024 परिणाम

# विकल्पहीन विपक्ष का भ्रम टूट गया



जावेद अनीस
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *यह धारणा पुख्ता हो चुकी थी कि मोदी-शाह के नेतृत्व में भाजपा को हराना बहुत मुश्किल है। इस बार भी अपना नैरेटिव दूंढ लेने के बावजूद विपक्ष भाजपा को हरा कर सत्ता से बाहर करने के लिए नहीं बल्कि उसके सीटें कम करने के इरादे से चुनाव लड़ रहा था, जिससे सरकार की मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके और इसमें विपक्ष कामयाब भी हुआ है। विपक्षी पार्टियों में भी कांग्रेस पार्टी के लिए यह ऑक्सीजन की तरह है।*

यह एक लम्बा और उबाऊ चुनाव था, लेकिन भविष्य में इसे भारतीय लोकतंत्र के सफ़र में एक मील के पत्थर के तौर पर याद रखा जाएगा। दस साल के तथाकथित "मजबूत सरकार" के बाद देश में एक बार फिर गठबंधन के राजनीति की वापसी हो गई है, "400 पार" का अतिवादी नारा देने वाली ताकतें खुद 240 के आसपास सिमट गई है। "अबकी बार मोदी सरकार" जैसा व्यक्तिवादी नारा देने वाले लोग अब एनडीए सरकार की बात करने लगे हैं। इन नतीजों से यह भ्रम भी टूटा है कि मोदी और विपक्ष विकल्पहीन है। साथ ही यह तथ्य एक बार फिर स्थापित हुआ है कि विविधता भरे इस महादेश को लम्बे समय तक एकांगी तौर-तरीकों और व्यक्तिवाद के सहारे लम्बे समय तक नहीं चलाया जा सकता है। सरकार किसकी बनेगी और प्रधानमंत्री बनेगा कौन? यह अगले कुछ दिनों के भीतर परदे के पीछे तय होना है, लेकिन इस चुनावों में निश्चित रूप से अतिवाद की हार हुई है और भारत का लोकतंत्र और मजबूत होकर उभरा है।

2024 के नतीजे बताते हैं कि इस देश के बहुजन और अल्पसंख्यक जनता के लिए संविधान महज एक किताबी दस्तावेज नहीं है बल्कि उनके संवैधनिक वजूद से जुड़ा हुआ मसला है। इस सम्बन्ध में रोहित डे की पुस्तक, "ए पीपल्स कॉन्स्टिट्यूशन" का जिक्र बहुत मौजूं होगा जो बहुत ही प्रभावशाली और सिलसिलेवार तरीके से बताती है कि आजाद भारत में किस प्रकार से आम नागरिक अपने अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए संवैधानिक सिद्धांतों और मूल्यों के इर्द-गिर्द लामबंद हुए हैं। इसे हम 2020 में नागरिकता कानून के खिलाफ चले देशव्यापी आन्दोलन से समझ सकते हैं जिसमें पहली बार अल्पसंख्यकों द्वारा इतने पड़े पैमाने पर संविधान को केंद्र में रखते हुए प्रतिरोध दर्ज की गई थी। इस आन्दोलन के माध्यम से संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता के उन मूल्यों को आवाज देने की कोशिश की गई थी जो देश के अल्पसंख्यक समुदायों को धर्म के आधार पे समानता का अधिकार प्रदान करते हैं। इसी कड़ी में 2024 के चुनाव ने देश की दलित, पिछड़ी जातियों और आदिवासियों को यह याद दिलाने का काम किया है कि संविधान ने सदियों से चले आ रहे शोषण से ना केवल उन्हें सम्मान, नागरिक अधिकार, स्वाभिमान, और सुरक्षा प्रदान करने का काम किया है बल्कि आरक्षण के माध्यम से उन्हें आगे बढ़ने का मौका भी फराहम किया है इसलिए जरूरत पड़ने पर इसे बचाने के लिए आगे आना उनके लिए पहली प्राथमिकता है।



हर चुनाव का अपना एक नैरेटिव होता है, इस चुनाव का केन्द्रीय नैरेटिव "संविधान" के इर्द गिर्द था जिसमें संविधान में बदलाव से लेकर संविधान को बचाने की बातें शामिल थीं। दिलचस्प ए है कि हमेशा के विपरीत इस बार नैरेटिव सेट करके का काम विपक्ष की तरफ से किया गया और पहली बार ऐसा हो रहा था कि विपक्ष द्वारा तय किए एजेंडे पर भाजपा को जवाब देना पड़ रहा था। दरअसल "अबकी बार चार सौ पार" का भारी भरकम नारा खुद भाजपा पर ही भारी पड़ गया और इसकी शुरुआत कर्नाटक भाजपा नेता अनंत हेगड़े के उस बयान के बाद हुई जिसमें उन्होंने कहा कि अबकी बार सरकार बनी तो भाजपा संविधान बदलेगी। यहीं से विपक्षी पार्टियों को ए नैरेटिव गढ़ने का मौका मिल गया कि भाजपा को चार सौ सीट इसलिए चाहिए ताकि वह संविधान बदल सके।बाद में अपने इस नैरेटिव को मजबूत और धारदार बनाने के लिए उन्होंने इसमें आरक्षण का मुद्दा भी जोड़ दिया कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो वो आरक्षण खत्म कर देगी। विपक्ष के इस नैरेटिव को आधार देने में संविधान और आरक्षण को लेकर संघ परिवार के पुराने इतिहास ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संविधान में संशोधन होते रहे हैं और सभी सरकारें करती भी रही है लेकिन असली डर संविधान की "मूल भावना" में बदलाव को लेकर है जिसे संघ के विरोधी लम्बे समय से संविधान बदलने के उसके "हिडेन एजेंडा" के तौर पर पेश करते रहे हैं। अब की बार चार सौ पार के नारे ने इस डर को मजबूत करने का काम किया कि अगला एजेंडा संविधान की मूल भावना में बदलाव का है।

भाजपा और संघ के नेता समय-समय पर संविधान और आरक्षण दोनों की समीक्षा की बात रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेई के समय "संविधान समीक्षा आयोग" का गठन भी किया गया था। संघ के वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत एक दशक में ही कई बार संविधान और आरक्षण के समीक्षा की बात दोहरा चुके हैं। 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव के समय उन्होंने आरक्षण की समीक्षा की बात कही थी, जबकि 2017 में उन्होंने भारतीय संविधान में बदलाव कर उसे भारतीय समाज के नैतिक मूल्यों के अनुरूप किए जाने की वकालत करते हुए कहा था कि संविधान के बहुत सारे हिस्से विदेशी सोच पर आधारित है इसलिए आज़ादी के 70 साल के बाद इस पर पुनर्विचार किए जाने की जरूरत है। हालांकि इन बयानों के बाद भाजपा और संघ की तरफ से सफाई भी पेश किए जाते रहे हैं लेकिन इससे प्रभावित होने वाली आबादी के मन में उनकी मंशा को लेकर शंका और अविश्वास तो गहरा ही हुआ है।

हालांकि 2024 के चुनावी अभियान के दौरान जब यह मुद्दा जोर पकड़ने लगा तब भाजपा ने इसका जवाब देना शुरू किया गया और समुदायों के विभाजन की अपनी पुरानी लाईन पर चलते हुए इसका हिंदू-मुस्लिम के सांप्रदायिक नैरेटिव पेश करने की कोशिश की गई जिसकी कमान खुद नरेंद्र मोदी ने संभाली और ए कहना शुरू कर दिया कि अगर कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन की सरकार बनी तो वे एससी, एसटी और ओबीसी को संविधान के जरिए मिले आरक्षण को छीन कर मुसलमानों को दे देंगे लेकिन इन तमाम कवायदों के बाद भी बात बनी नहीं जिसे हम नतीजों के रूप में देख सकते हैं। इन नतीजों से विपक्ष के फेफड़ों में प्राणवायु भरने का काम किया है, लम्बे समय बाद विपक्ष का आत्मविश्वास लौटा है। पिछले दस सालों से भारतीय राजनीति में विपक्ष, दबाव में और लस्त-पस्त नजर आ रहा था और वैचारिक रूप से असमंजस्य की स्थिति में था, भाजपा के वैचारिक हिन्दू राष्ट्रवाद का उसके पास कोई जवाब नहीं था। यह धारणा पुख्ता हो चुकी थी कि मोदी-शाह के नेतृत्व में भाजपा को हराना बहुत मुश्किल है। इस बार भी अपना नैरेटिव दूंढ लेने के बावजूद विपक्ष भाजपा को हरा कर सत्ता से बाहर करने के लिए नहीं बल्कि उसके सीटें कम करने के इरादे से चुनाव लड़ रहा था जिससे सरकार की मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके और इसमें विपक्ष कामयाब भी हुआ है। विपक्षी पार्टियों में भी कांग्रेस पार्टी के लिए यह ऑक्सीजन की तरह है। अपनी सीटों की संख्या दोगुनी कर ली है, गौरतलब है 2013 के बाद कांग्रेस करीब 52 चुनाव हार चुकी है, इस दौरान उसके 50 से अधिक बड़े नेता पार्टी छोड़ चुके हैं जिसमें करीब 12 पूर्व मुख्यमंत्री शामिल हैं। इस नतीजे से खुद कांग्रेस और कांग्रेसियों की स्वयं के बारे में ही धारणा बदलने वाली है, इससे उनका यह यकीन बनेगा कि कांग्रेस वापसी कर सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# ताजा रिपोर्ट



प्रकाश हेमावत
व्यंग्यकार

पराजय के बाद चिंतन शिविर में एग्जिट पोल जैसे पोल की पोल खोलने वालों ने चर्चा की। इसमें कोई संदेह नहीं है कि पोल की कहीं न कहीं पोल जरूर होती है। एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल, ज्योतिषाचार्य, फालौदी सट्टा बाजार यह कोई अजूबे नाम नहीं है यह भी एक तरह की समय की गति के साथ चलने वाले ग्रहों की गणना एवं मतदाताओं के मन की बात जानकार, समझकर हार जीत के आंकड़े कुछ आगे पीछे प्रस्तुत करना सरासर अन्याय है, गलत है यह उम्मीदवार की कमजोरी का प्रदर्शन करवाता है। हर किसी से एक ही सवाल 'यह चुनाव कैसा लगता है?' कौन हार रहा है? कौन जीत हासिल करेगा? जैसे पोलों द्वारा सर्वे किया जाता है इस प्रकार सर्वे करने वाले कौन है? इनका क्या उद्देश्य है? इनके पीछे किसका हाथ है? इस बात से सब अंजान बने किस आधार पर उम्मीदवार की कमजोरी को आम जनता तक पहुंचा देता यह उम्मीदवार की निजता का उल्लंघन है जिससे वह कमजोर साबित हो कर पराजय का मुंह देखता है ।कितना दुखदायक होता है जब उम्मीदवार को पराजय का सामना करना पड़ता है उक्त अध्यक्षीय उद्बोधन रायचंद ने पोल की पोल खोलना कार्यक्रम में व्यक्त किए।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि रगड़ा मल ने कहा कि कोई एग्जिट फेल हो जाए तो इसके लिए जिम्मेदार कौन? ऐसे एग्जिट पोल पर मानहानि का दवा किस आधार पर लगाया जाए? इनको रोकने वाला धृतराष्ट्र की भांति क्यों बैठा रहता है? क्या वह दुर्योधन के मोह पाश की वजह से नहीं बोल पा रहे हैं? पोल एक व्यवसाई रूप धारण कर चुका है इसकी आमदनी कितनी होती है। यह भी किसी को पता नहीं क्या यह पूर्ण रूप से भरोसे के लायक है? यह एक छद्म आवरण ओढ़े जादू है, इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना चाहिए? जिम्मेदारी तय होना चाहिए जब झूठे विज्ञापनों पर किसी को सजा मिल सकती है तो क्या इस तरह की पोल खोलने वाले, जानने वाले, बोलने वाले, बताने वाले अगर असफल हो जाए तो वह भी माफी मांगे या फिर जेल भेजना चाहिए। ऐसा लगता है कि एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल एक विज्ञान की तरह है। आओ उसका प्रयोग करें सफल हो गया तो ठीक, नहीं तो अपनी कमजोरी का ढिंढोरा पीटना।

कार्यक्रम के अतिथि जालसाज उर्फ जादूगर अगर मुझे जरा सा भी अधिकार, ज्ञान होता तो मैं अभी तक इन पोल की पोल खोलने में कोई देर नहीं करता मेरा जितना भी अभी राजनीतिक तौर पर चुनावी अनुभव के आधार पर इसकी हकीकत जान लेता तो अभी तक कभी का इसे और संवैधानिक संस्था मानकर हमेशा के लिए प्रतिबंधित करवा देता। सबसे बड़ा सवाल यह है कि बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई, अधिकारियों, कर्तव्य, दायित्व, सहयोग ऐसे कई अनगिनत हवाओं, सवालों पर पोल की पोल क्यों नहीं खोली जा रही एग्जिट पोल ओपिनियन पोल ज्योतिषाचार्य फालौदी सट्टा बाजार अपना मुंह क्यों मोड़ लेते हैं? सच्चाई को क्यों छोड़ रहे हैं इस पर चिंता और चिंतन होना चाहिए।

इस कार्यक्रम में आमजन के साथ कई नेता एवं अधिकारियों के साथ-साथ मीडिया घराने के संवाददाता, पत्रकार विशेष रूप से उपस्थित थे, जिन्होंने समय परिस्थिति को देते हुए इस कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जब तक के पत्रकार नेकचंद ने किया और आभार ठीक-ठाक एग्जिट पोल के संवाददाता पोल खोल ने किया।


## जम्मू-कश्मीर के दोनों राजनीतिक परिवारों को जनता ने सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया

# चौंकाने वाले रहे चुनावों के परिणाम!



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> *महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला को हराकर जनता ने जता दिया है कि स्वतंत्रता के बाद से ही इन परिवारों ने जनता के साथ अच्छा नहीं किया। दो विधान, दो निशान और दो प्रधान को बनाए रखा। अपने हितों के लिए जम्मू-कश्मीर में विशेष दर्जे के विधानों की पैरवी करते रहे और स्थानीय जनता को भ्रम में रखकर सत्तारूढ़ भी बने रहे।*



18वीं लोकसभा चुनाव के आए परिणामों ने तय कर दिया है कि ये परिणाम चैंकाने वाले हैं। 64 करोड़ 2 लाख मतदाताओं ने इस चुनाव में अपने मत का उपयोग कर अपने प्रतिनिधि को चुन लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगाया गया 400 पार का नारा साकार नहीं हुआ, लेकिन राजग गठबंधन को जो 295 के करीब सीटें मिल रही हैं, वे नरेंद्र मोदी के प्रचार अभियान और लोक-कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतारने के चलते ही मिली हैं। यही नहीं भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी दलों के साथ ओडिशा, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल और सिक्किम में विधानसभा चुनाव जीतकर सरकार बनाने जा रही है। धारा-370 और 35-ए के खात्मे के बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार लोकसभा के चुनाव हुए हैं। इस चुनाव में कश्मीर में आजादी के बाद से ही सत्तारूढ़ रहे परिवारवादी दल पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख महबूबा मुफ्ती अनंतनाग से और फारूख अब्दुल्ला के बेटे उमर अब्दुल्ला बारामुला से चुनाव हार गए हैं। उमर अब्दुल्ला को हराने वाले इंजीनियर राशिद शेख ने जेल में रहकर चुनाव लड़ा और जीत भी गए।

फिलहाल वे टेरर फंडिग मामले में तिहाड़ जेल में बंद है। जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की बहाली और महबूबा एवं उमर की हार ने तय कर दिया है कि नरेंद्र मोदी के परिवारवाद से मुक्ति के नारे ने घाटी में अपना काम कर दिया है। मुफ्ती को चुनाव में करारी शिकस्त नेकां के नेता मियां अल्ताफ अहमद ने दी है। अलताफ करीब ढाई लाख मतों से जीते हैं। दूसरी तरफ जम्मू-संवाद की दो सीटों उधमपुर और जम्मू पर भाजपा ने अपनी जीत दर्ज कराई है। उधमपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार डॉ जितेंद्र सिंह ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कराई है। लद्दाख में आजाद उम्मीदवार मोहम्मद हनीफा जीते हैं। उन्होंने इस सीट पर कांग्रेस के सेरिंग नामग्याल और भाजपा के ताशा ग्यालसन को हरा दिया है। जम्मू संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार जुगल किशोर शर्मा की जीत कांग्रेस के रमन भल्ला के मुकाबले में तय मानी जा रही थी। बहरहाल जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की बहाली ने तय कर दिया है कि धारा-370 खत्म होने के बाद वहां की जनता सुकून महसूस कर रही है। पर्यटकों की बड़ी आमद ने भी घाटी में जनता की आर्थिक बदहाली दूर करने का काम किया है।

महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला को हराकर जनता ने जता दिया है कि स्वतंत्रता के बाद से ही इन परिवारों ने जनता के साथ अच्छा नहीं किया। दो विधान, दो निशान और दो प्रधान को बनाए रखा। अपने हितों के लिए जम्मू-कश्मीर में विशेष दर्जे के विधानों की पैरवी करते रहे और स्थानीय जनता को भ्रम में रखकर सत्तारूढ़ भी बने रहे। अब जनता इनकी चालाकियों को समझ गई है, नतीजतन उसने इन दोनों परिवारों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

X



**अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री
**@AmitShah**
आज विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी ने वृक्षारोपण कर प्रकृति और मातृशक्ति के संरक्षण-संवर्धन के लिए #एक_पेड़_मां_के_नाम अभियान की शुरुआत की। मैं देशवासियों से विनम्र अपील करता हूँ कि आप भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हुए इस अभियान से जुड़ें एवं मित्रों-परिजनों को भी जागरूकता के इस महाअभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
"हमारा शरीर पांच तत्वों पृथ्वी, जल, आकाश, वायु और अग्नि से मिलकर बना है। प्रकृति के इस तत्व की पूजा भी करते हैं। मनुष्य भी एक प्रकृति का ही रूप है। मनुष्य को प्रकृति को संरक्षण करना चाहिए न कि बर्बाद करना चाहिए।"

## पटना से एक ही विमान में सवार होकर दिल्ली पहुंचे बिहार के सीएम नीतीश और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव

# पटना से विमान में बैठे आगे-पीछे... दिल्ली पहुंचे तो बैठे थे अगल-बगल

एजेंसी | पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एक ही विमान से बुधवार को पटना से दिल्ली पहुंचे। इस यात्रा की सबसे खास बात यह रही कि पटना में दोनों नेता विमान में सवार हुए तो आगे पीछे बैठने वाली तस्वीर सामने आई, लेकिन पटना से दिल्ली के बीच करीब डेढ़ घंटे के सफर में ही तस्वीर बदल गई।


दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने के पहले दोनों नेता आगे-पीछे की जगह अगल-बगल में बैठे नजर आए। पटना से दिल्ली पहुंचने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब एयरपोर्ट पर पत्रकारों ने बातचीत की तो उन्होंने चौंकाने वाला जवाब दिया। नीतीश कुमार ने कहा- 'सरकार तो बनेगी ही', लेकिन सरकार किसकी बनेगी, इस सवाल पर नीतीश कुमार ने चुप्पी साध ली। इस सवाल का जवाब दिए बिना वो मुस्कुराते हुए आगे बढ़ गए।







### किसी दल को नहीं मिला बहुमत: चंपाई



झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी इंडिया अलायंस की बैठक में हिस्सा लेने के लिए रांची से दिल्ली पहुंचे। रांची में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव हो गया है, किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। सभी गठबंधन करके ही आगे चल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड में भी इंडिया अलायंस का प्रदर्शन 2अच्छा रहेगा। आने वाले समय में झारखंड से बीजेपी-एनडीए का सफाया होगा।

### देश की जनता ने तानाशाही के खिलाफ दिया वोट: तेजस्वी

दिल्ली पहुंचने पर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा- 'हम सभी इंडिया अलायंस की बैठक में हिस्सा लेने के लिए आए हुए हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बातचीत होने के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि थोड़ा धैर्य रखिए, देखिए क्या-क्या होता है'। तेजस्वी ने कहा- मेरा देश महान है और देश की जनता ने पीएम मोदी को हराया है। मैं देशवासियों का धन्यवाद देता हूं। तानाशाही के खिलाफ वोट किया गया है। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट किया गया है। जनता मालिक है।

### केजरीवाल को जमानत नहीं, जेसी 19 जून तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने आबकारी नीति मामले में मेडिकल आधार पर जमानत देने के आग्रह वाली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका को बुधवार को खारिज कर दिया। विशेष जज कावेरी बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को न्यायिक हिरासत में केजरीवाल की मेडिकल जरूरतों का ध्यान रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक के लिए बढ़ा दी। अदालत इस मामले में वैधानिक जमानत का आग्रह करने वाली अरविंद केजरीवाल की याचिका पर 7 जून को सुनवाई कर सकती है। बुधवार को सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर कुछ चिंताएं जताईं।

### मध्य प्रदेश में अब उप चुनाव की तैयारी!

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव निपटते ही उप चुनाव की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विधायक से सांसद बन गए हैं और राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया अब गुना से लोकसभा का चुनाव जीत गए हैं। इन नेताओं की जगह कौन लेगा, यह बड़ा सवाल है। पूर्व मुख्यमंत्री चौहान के लोकसभा का चुनाव जीतने पर बुधनी विधानसभा सीट रिक्त होगी, इसी तरह सिंधिया के गुना से निर्वाचित होने पर राज्यसभा सीट रिक्त होगी। इन दोनों स्थानों पर अपनी संभावनाएं तलाशने के लिए नतीजे आते ही कई नेताओं ने हाथ पैर मारना शुरू कर दिया है। इन दोनों नेताओं के लोकसभा सदस्य की सदस्यता लेने और विधानसभा व राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद सियासी गलियारों में दावेदारों के नाम भी जोर पकड़ने लगेंगे।

## लोकसभा 2024: चुनाव में 15 में से 11 सेलिब्रिटी ने हासिल की जीत

# कई फिल्मी सितारे जीते...नई संसद में भी लगेगा जमावड़ा

एजेंसी | नई दिल्ली

इस लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने कई नए तो कई पुराने फिल्मी सितारों को अपने जनप्रतिनिधि के रूप में पसंद किया है। इस बार लोकसभा सीट के लिए सात चरणों में हुए चुनाव में फिल्मी दुनिया के कई नामचीन हस्तियां भी चुनावी रण में थी। चुनाव में 15 सेलिब्रिटी ने भाग्य आजमाया था, उनमें से 11 सेलिब्रिटी ने जीत हासिल कर ली है। चुनाव जीतने वालों में कंगना रनोट, हेमा मालिनी, शत्रुघ्न सिन्हा, रवि किशन, मनोज तिवारी समेत कई स्टारों कानाम शामिल हैं, जबकि भोजपुरी स्टार पवन सिंह और निरहुआ को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। चुनाव में सबसे बड़ी जीत हेमा मालिनी को मिली है, जो 2,93,407 वोटों से जीती हैं। इसके अलावा बंगाल से तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर फिल्मी सितारे जून मलिया, सायनी घोष, शताब्दी राय, रचना बनर्जी और देव अधिकारी भी लोकसभा चुनाव जीते हैं, वहीं दूसरी तरफ राज बब्बर, निरहुआ जैसे एक्टर्स मात खा गए। गौरतलब है कि दशकों से फिल्मी हस्तियों और भारतीय राजनीति का गहरा नाता रहा है। सिनेमा जगत के नरगिस, सुनील दत्त, राजेश खन्ना, विनोद खन्ना, अमिताभ बच्चन और मुनमुन सेन जैसे चेहरे भी एक समय राजनीति में उतर चुके हैं।



### 59 हजार वोटों से जीते शत्रुघ्न सिन्हा



आसनसोल लोकसभा क्षेत्र से दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा टीएमसी के टिकट पर विजयी हुए। उन्होंने 59,564 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। पश्चिम बंगाल की आसनसोल से तृणमूल कांग्रेस के शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के एसएस अहलूवालिया को शिकस्त दी है। शत्रुघ्न सिन्हा को कुल 6 लाख 5 हजार 645 वोट मिले और अहलूवालिया को 5 लाख 46 हजार 81 वोट मिले

### 'रामायण' के राम भी पहुंचे संसद



पौराणिक टीवी धारावाहिक रामायण में भगवान राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल ने भाजपा के टिकट पर उत्तर प्रदेश के मेरठ से चुनाव लड़ा। शुरुआती झटकों के बावजूद, वह विजयी हुए और समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार सुनीता वर्मा को 10,585 मतों के अंतर से हराकर सीट जीत ली। उत्तर प्रदेश के मेरठ संसदीय क्षेत्र से अपनी जीत के बाद उन्होंने कहा, मतदाताओं, भाजपा कार्यकर्ताओं और पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद देना चाहता हूं। अपनी पूरी क्षमता से उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा।

### अभिनेत्री कंगना जीतीं

स्क्रीन पर अपने निडर चित्रण के लिए जानी जाने वाली कंगना रनौत ने हिमाचल प्रदेश के अपने गृहनगर मंडी से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर राजनीतिक सुर्खियों में कदम रखा। वह कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह को 74,755 मतों के बड़े अंतर से हराकर विजयी हुईं। रनौत ने एक्स पर अपनी जीत के बारे में एक पोस्ट साझा किया और लोगों को उनके लिए वोट करने के लिए धन्यवाद दिया। पीएम मोदी की तस्वीर कोलाज शेयर करते हुए कंगना ने कहा, इस समर्थन, इस प्यार और विश्वास के लिए सभी मंडी निवासियों का दिल से आभार। यह जीत आप सभी की है। यह प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा में विश्वास की जीत है।

### वोटों के भारी अंतर से जीतीं 'ड्रीम गर्ल'

भारतीय सिनेमा की 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी ने लगातार तीसरी बार मथुरा निर्वाचन क्षेत्र जीतकर अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया। 2,93,407 वोटों के भारी अंतर से उनकी जीत उनकी स्थायी लोकप्रियता और उनके मतदाताओं के स्नेह का प्रमाण है। जीत के बाद उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मुझे तीसरी बार लोगों की सेवा करने का मौका मिला। मैं लोगों का शुक्रिया अदा करती हूं। मुझे उन सभी कामों को पूरा करने का मौका मिल रहा है जो अधूरे रह गए थे।

### भोजपुरी सुपरस्टार तिवारी का दिल्ली में कब्जा

मनोरंजन उद्योग का प्रभाव बॉलीवुड से आगे तक फैल गया। भोजपुरी सुपरस्टार मनोज तिवारी ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा में लगातार तीसरी बार जीत हासिल की, उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार को 1,37,066 वोटों के उल्लेखनीय अंतर से हराया। उनकी जीत क्षेत्रीय और सांस्कृतिक सीमाओं को पार करते हुए उनके जन आकर्षण को रेखांकित करती है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से अपनी जीत पर भाजपा नेता मनोज तिवारी ने कहा कि अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं।



### बंगाली अभिनेत्री रचना बनर्जी जीतीं

बंगाली अभिनेत्री रचना बनर्जी को भी लोकसभा चुनाव 2024 में जीत मिली है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की हुगली सीट पर जीत की पताका फहराई। तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार रचना बनर्जी ने भाजपा की लॉकेट चटर्जी को मात दी है। चुनाव में रचना बनर्जी को 7 लाख 2 हजार 744 वोट मिले, जबकि लॉकेट चटर्जी को 6 लाख 25 हजार 891 मत हासिल हुए। चुनाव में रचना बनर्जी ने 76 हजार 853 वोटों से जीत हासिल की।



### रवि किशन दूसरी बार चुने गए

भोजपुरी के एक और मशहूर कलाकार रवि किशन ने भी गोरखपुर से सपा की काजल निषाद को हराकर दूसरी बार लोकसभा में जाने का मौका प्राप्त किया है। एक ब्लॉकबस्टर कहानी की याद दिलाने वाली कहानी में अपने आकर्षक अभिनय के लिए मशहूर रवि किशन ने गोरखपुर से 1,03,526 मतों के अंतर से जीत हासिल की, जिससे उनकी शानदार उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जुड़ गई। इसके अलावा सुरेश गोपी ने केरल राज्य में भाजपा के लिए पहली सीट जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने सीपीआई-एम के सुनील कुमार को 4,686 मतों के अंतर से हराया।



## जेल में बंद अमृतपाल और कश्मीरी नेता जीते

# सलाखों में कैद फिर भी लड़ा चुनाव और दर्ज की जीत



एजेंसी | नई दिल्ली

आतंकवाद के आरोप में जेल में बंद दो उम्मीदवार संसदीय चुनाव में विजयी हुए हैं, जिससे 18वीं लोकसभा के लिए असामान्य स्थिति पैदा हो गई है। हालांकि कानून के तहत उन्हें नए सदन की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी, फिर भी उन्हें संसद सदस्य के रूप में शपथ लेने का संवैधानिक अधिकार है। चुनाव आयोग ने नतीजे घोषित कर दिए। पंजाब की खडूर साहिब सीट पर कट्टरपंथी सिख उपदेशक अमृतपाल सिंह ने जीत दर्ज की, जबकि जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट पर आतंकवाद के वित्तपोषण के आरोपी शेख अब्दुल राशिद उर्फ इंजीनियर राशिद ने जीत दर्ज की। इंजीनियर राशिद आतंकवाद के वित्तपोषण के आरोप में 9 अगस्त 2019 से तिहाड़ जेल में बंद हैं। सिंह को अप्रैल 2023 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार कर असम की डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया था।

### दोषी ठहराए जाने पर जा सकती है सदस्यता

समिति तय करेगी कि सदस्य को सदन की कार्यवाही से अनुपस्थित रहने की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं। इसके बाद अध्यक्ष सदन में सिफारिश पर मतदान कराएंगे। यदि इंजीनियर राशिद या सिंह को दोषी ठहराया जाता है और कम से कम दो साल के कारावास की सजा होती है तो वे 2013 के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार लोकसभा में अपनी सीट तुरंत गंवा देंगे। न्यायालय के फैसले के अनुसार ऐसे मामलों में सांसदों और विधायकों को अयोग्य घोषित किया जाता है। इस निर्णय के तहत जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8(4) को निरस्त कर दिया गया था, जिसके तहत दोषी सांसदों और विधायकों को अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील करने के लिए तीन महीने का समय दिया जाता था।

### शपथ लेना संवैधानिक अधिकार: विशेषज्ञ

संविधान विशेषज्ञ और पूर्व लोकसभा महासचिव पी.डी.टी. आचारी ने ऐसे मामलों में संवैधानिक प्रावधानों का पालन करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संसद सदस्य के रूप में शपथ लेना एक संवैधानिक अधिकार है। आचारी ने कहा कि चूंकि वे फिलहाल जेल में हैं, इसलिए इंजीनियर राशिद और सिंह को शपथ ग्रहण समारोह के लिए संसद तक ले जाने के लिए अधिकारियों से अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि शपथ लेने के बाद उन्हें वापस जेल जाना होगा। वैधानिक पहलुओं को और स्पष्ट करने के लिए, आचारी ने संविधान के अनुच्छेद 101(4) का हवाला दिया, जो अध्यक्ष की पूर्व अनुमति के बिना संसद के दोनों सदनों से सदस्यों की अनुपस्थिति से संबंधित है। उन्होंने कहा कि शपथ लेने के बाद वे लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर सदन में उपस्थित होने में अपनी असमर्थता के बारे में सूचित करेंगे, इसके बाद अध्यक्ष उनके अनुरोधों को सदन की अनुपस्थिति संबंधी समिति के पास भेज देंगे।

**दिल्ली की डायरी**

# सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी ने पहली बार में ही AAP को दी करारी मात

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली का दिल कही जाने वाली वीवीआईपी लोकसभा सीट नई दिल्ली पर स्वर्गीय सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज ने पहली ही बार में जीत हासिल कर भाजपा का दबदबा बरकरार रखा। भाजपा ने इस बार नई दिल्ली सीट पर मीनाक्षी लेखी की जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी को टिकट दिया था।

बांसुरी ने भी भाजपा का गढ़ रही इस सीट से 78 हजार से ज्यादा मतों से जीत हासिल कर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत कर दी है। लुटियन जोन समेत दिल्ली के कई पॉश इलाके इसी लोकसभा क्षेत्र में आते हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दल इस सीट पर काबिज होना चाहते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की विरासत वाली इस सीट पर लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने के लिए भाजपा ने भी एड़ी-चोटी का जोर लगा रखा था।



### बांसुरी के सामने सोमनाथ भारती थे आप के प्रत्याशी

आम आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री सोमनाथ भारती को इस सीट पर चुनाव मैदान में उतारा गया था। भारती ने भी मजबूती से चुनाव लड़ा, लेकिन भाजपा की जीत की हैट्रिक को नहीं रोक पाए। भाजपा की प्रत्याशी बांसुरी को स्थानीय मतदाताओं ने भी पूरा समर्थन किया और पहली ही बार में जीत दिलाकर उनके लिए संसद में पहुंचने का रास्ता खोल दिया।



### रिजल्ट से पहले सोमनाथ बोले थे मोदी PM बने तो मुंडवा लूंगा सिर


रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यदि तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो मैं अपना सिर मुंडवा लूंगा। यह ऐलान करने वाले आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती अब पीछे हटते दिख रहे हैं। आप विधायक और नई दिल्ली से लोकसभा का चुनाव हारने वाले भारती ने अब दलील दी है कि उन्हें नरेंद्र मोदी नहीं उनकी नीतियों से दिक्कत है। आप नेता ने कहा कि जनता ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनने का जनादेश नहीं दिया है। इसलिए मोदी जी को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देकर चले जाना चाहिए। क्योंकि यह दायित्व जनता उनको नहीं देना चाहती।

### मनोज तिवारी का तिलिस्म नहीं तोड़ पाए कन्हैया कुमार



क्रिकेट खेलने के शौकीन उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी ने सियासी पिच पर जीत की हैट्रिक लगा दी है। इस जीत के साथ उन्होंने उन आलोचकों का मुंह बंद करने के साथ भाजपा के भरोसे को भी कायम रखा है। तिवारी ने लगातार तीसरी बार एक लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की है। वर्ष 2014 में पहली बार वह उत्तर-पूर्वी दिल्ली सीट पर लोकसभा चुनाव में उतरे थे, जिसके बाद से लगातार यहां से जीत रहे हैं। राजधानी की सभी सात सीटों में उत्तर-पूर्वी सबसे हॉट लोकसभा सीट थी। यहां से इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को टिकट दिया था। पूर्वांचल के दो बड़े चेहरों का एक ही सियासी पिच पर आने के बाद मनोज तिवारी के खिलाफ बनी सत्ता विरोधी लहर को लेकर राजनीतिक जानकार कड़ी टक्कर मान रहे थे। कन्हैया कुमार को अच्छे वक्ता के साथ युवा चेहरा होने का फायदा मिल रहा था।

### सैंड आर्टिस्ट ने यूं दी बधाई




## मोदी 2.0 कैबिनेट के लिए राष्ट्रपति भवन में रात्रिभोज का आयोजन

# राष्ट्रपति ने मोदी की अगुवाई वाली कैबिनेट को दिया विदाई डिनर

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 17वीं लोकसभा के निवर्तमान केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया गया। विदाई रात्रिभोज में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी शामिल हुए। राष्ट्रपति भवन ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निवर्तमान केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लिए राष्ट्रपति भवन में रात्रिभोज का आयोजन किया। यह रात्रिभोज प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंपने के कुछ ही घंटों बाद हुआ। वहीं, राष्ट्रपति ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया और उनसे नई सरकार के कार्यभार संभालने तक अपनी भूमिका में बने रहने का अनुरोध किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित डिनर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समेत सभी केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और डॉ. सुदेश धनखड़ भी विदाई डिनर में शामिल हुए।



### राष्ट्रपति ने 17वीं लोकसभा की भंग

राष्ट्रपति भवन के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल की सलाह पर 17वीं लोकसभा को भंग कर दिया। इसमें कहा गया है कि कैबिनेट ने बुधवार को हुई बैठक में राष्ट्रपति को वर्तमान लोकसभा को तत्काल प्रभाव से भंग करने की सलाह दी। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म होना था।

### मोदी के शपथ-ग्रहण में शामिल होंगे श्रीलंकाई राष्ट्रपति और बांग्लादेश की शेख हसीना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे शामिल होंगे। श्रीलंकाई राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ-ग्रहण समारोह में आने न्योता दिया गया है। इसके साथ ही बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भी प्रधानमंत्री मोदी के शपथ-ग्रहण समारोह में शामिल होंगी। दोनों शीर्ष नेताओं की बुधवार को फोन पर बात हुई।



## दिल्ली में हुई INDI अलायंस की मीटिंग

# ‘जनादेश मोदी की नीतियों के खिलाफ’: खरगे



एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव परिणामों की तस्वीर साफ होने के बाद अब राजधानी दिल्ली में बैठकों का दौर चल रहा है। एनडीए की बैठक में नरेंद्र मोदी को नेता चुने जाने के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक हुई। इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद मल्लिकार्जुन खरगे ने मीडियाकर्मियों से कहा कि जनादेश मोदी की नीतियों के खिलाफ है और हम सरकार से लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि ये मोदी की नैतिक और राजनीति हार है। हम मोदी के खिलाफ लड़ते रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमारी बैठक में गठबंधन पार्टी के नेताओं ने मौजूदा राजनीतिक हालत और मौजूदा परिस्थिति पर बहुत से सुझाव आए और चर्चा हुई।


इंडिया गठबंधन के घटक हमारे गठबंधन को मिले भारी समर्थन के लिए भारत की जनता का आभार व्यक्त करते हैं। जनता के जनादेश ने बीजेपी और उसकी नफरत, भ्रष्टाचार की राजनीति को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश भारत के संविधान की रक्षा और महंगाई, बेरोजगारी, क्रोनी पूंजीवाद के खिलाफ और लोकतंत्र को बचाने के लिए है। इंडिया गठबंधन मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी के फासीवादी शासन के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा। मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई बैठक में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी, ‘आप’ सांसद राघव चड्ढा समेत 33 बड़े नेता शामिल हुए।

### राहुल-अखिलेश को दी शाबाशी

इंडिया गठबंधन की बैठक में राहुल गांधी और अखिलेश यादव एक साथ बैठे नजर आए। इस दौरान शरद पवार समेत सभी नेता राहुल-अखिलेश को शाबाशी दी। बैठक की एक तस्वीर में राहुल गांधी हाथ जोड़कर सभी नेताओं का धन्यवाद करते हुए दिख रहे हैं।

## मौसम ने पलटी खाई...

# तूफानी हवाओं के साथ दिल्ली में हुई बारिश



एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के विभिन्न इलाकों में बुधवार रात को तूफानी हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। कुछ जगहों पर ओले गिरने की भी खबरें हैं। इसकी शुरुआत धूल भरी आंधी से हुई। इसके बाद बूंदाबांदी होने लगी। फिर तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई।

हवा की स्पीड इतनी तेज थी कि सड़कों पर लगे बैनर पोस्टर उखड़ गए। छिटपुट ओले भी गिरे। इस दौरान लोग भागकर खुद को बचाने की कोशिशें करते दिखे। दिल्ली एनसीआर के लोगों को दो दिन पहले बूंदाबांदी के बाद भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन बुधवार को दिनभर लू के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया। सुबह से चल रही हवा दोपहर तक लू में बदल गई और शाम तक गर्मी से निजात नहीं मिली। इससे तापमान एक बार फिर से 44 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। रात को राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में धूल भरी आंधी के साथ बारिश देखने को मिली।

मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। दिल्ली में 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चल सकती हैं। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। स्थानीय मौसम कार्यालय की ओर से इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## लोकसभा चुनाव 2024

# नई संसद में दिखाई देंगे कई पूर्व CM, मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

एजेंसी | नई दिल्ली

कई राज्यों में अपनी पार्टी की कमान संभालने वाले कई मुख्यमंत्री 18वीं लोकसभा में नजर आएंगे। इनमें मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के सीएम रहे मनोहर लाल, पंजाब में कांग्रेस सरकार के मुखिया रहे चरणजीत सिंह चन्नी, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लव देव और कर्नाटक से बासवराज बोम्मई शामिल हैं। कर्नाटक से तो बोम्मई के अलावा दो अन्य पूर्व मुख्यमंत्रियों ने भी लोकसभा चुनाव की परीक्षा पास की है। इनमें भाजपा से जगदीश शेट्टार तथा जनता दल एस के एचडी कुमारस्वामी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में पिछले साल ही मुख्यमंत्री की कुर्सी से अपदस्थ किए गए भूपेश बघेल इतने भाग्यशाली नहीं रहे, जिन्हें लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव में पराजय का मुंह देखना पड़ा।



### यूपी में अखिलेश ने किया कमाल



एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में सपा के कायाकल्प का बड़ा काम कर दिखाया और वह खुद भी कन्नौज से जीत हासिल करने में सफल रहे। वह भी मुख्यमंत्री रह चुके हैं। माना जा रहा है कि मनोहर लाल, शिवराज चौहान और बोम्मई को अगली सरकार में अहम जिम्मेदारी मिल सकती है, खासकर शिवराज और मनोहर लाल अपने लिए महत्वपूर्ण मंत्रालय की उम्मीद कर सकते हैं।

### कांग्रेस की कड़ी चुनौती



इसी तरह मनोहर लाल का अपने प्रशासनिक अनुभव के साथ ही दावा इसलिए मजबूत है, क्योंकि हरियाणा में इसी साल विधानसभा चुनाव भी होने हैं। हरियाणा में भाजपा को इस चुनाव में कांग्रेस की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन मनोहर लाल ने करनाल में अपने प्रतिद्वंदी पर आरामदायक जीत हासिल की।

### एमपी में BJP की क्लीन स्वीप



शिवराज को मध्य प्रदेश में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की क्लीन स्वीप जैसी जीत के बाद भी जब सीएम नहीं बनाया गया था, तभी से यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि उन्हें पीएम मोदी कोई बड़ी जिम्मेदारी देना चाहते हैं। शिवराज के निर्वाचन क्षेत्र विदिशा में चुनाव प्रचार करते हुए प्रधानमंत्री ने ऐलान किया था कि वह शिवराज को अपने साथ दिल्ली ले जा रहे हैं।

### इन पूर्व CM को मिली करारी हार



कर्नाटक की स्थानीय राजनीति को देखते हुए बोम्मई भी मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में अहम भूमिका पाने के दावेदार हैं। वैसे लोकसभा चुनाव के महासमर में उतरे कई पूर्व मुख्यमंत्री पास नहीं हो सके, जिन पूर्व मुख्यमंत्रियों को इस चुनाव में पराजय का मुंह देखना पड़ा है, उनमें झारखंड के पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, मध्य प्रदेश में दिग्विजय सिंह, जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला तथा महबूबा मुफ्ती शामिल हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस
### बैंक ऑफ बड़ौदा की कम से कम दो पेड़ लगाने की अपील

# पौधरोपण से पर्यावरण स्वस्थ और संतुलित

**बेधड़क. जयपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख हर्षदकुमार सोलंकी ने कहा कि पौधरोपण एक ऐसा उपाय है जिससे हम अपने पर्यावरण को स्वस्थ और संतुलित रख सकते हैं। पौधरोपण से न केवल हम वातावरणिक प्रदूषण को कम कर सकते हैं, बल्कि हम वन्यजीवों के लिए आवास स्थल भी उपलब्ध करा सकते हैं। हम अपने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को ध्यान में रखें और उसके संरक्षण में योगदान करें। वे बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि कम से कम दो पेड़ अवश्य लगाएं।




### पूरा फोकस पौधरोपण पर

सोलंकी ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया, दूसरा सुख धन और माया है, किन्तु आज हम शारीरिक रूप से सुखी नहीं रह गए हैं। इसका सबसे बड़ा कारण हमारा खराब पर्यावरण है। पर्यावरण को बचाने के लिए इस साल, हमारा मुख्य ध्यान पौधरोपण की ओर है।

### सामूहिक रूप में मनाया

बैंक ऑफ बड़ौदा, अचंल कार्यालय, जयपुर एवं क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस सामूहिक रूप में मनाया गया। इस मौके पर हर्षदकुमार सोलंकी, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, बृजमोहन मीना, उप महाप्रबंधक (अनुपालन एवं आश्वासन), आर.के.मीना, उप महाप्रबंधक (व्यवसाय विकास), दीपक कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख, रामावतार पालीवाल, सहायक महाप्रबंधक, रजनीकांत कुम्पावत, उप क्षेत्रीय प्रमुख, सुनीता गुप्ता, निदेशक, राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा एवं अन्य स्टाफ मेंबर मौजूद रहे।

### बैंक भवन में पौधे लगाए

इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा, अचंल कार्यालय, जयपुर एवं क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर द्वारा बड़ौदा स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा एवं बड़ौदा भवन परिसर में पौधारोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### जयपुर रेल मंडल पर जागरुकता कार्यक्रम

उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल पर बुधवार को रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार ने रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों, स्काउट एंड गाइड तथा सफाई कर्मियों के साथ पर्यावरण बचाने के लिए शपथ ली। इसके साथ ही पौधरोपण भी किया गया। स्काउट्स गाइड एवं कर्मचारियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली। श्री कृष्ण कुमार मीणा-वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि जयपुर मंडल पर मिशन लाइफ कार्यक्रम की थीम 'पर्यावरण के लिए जीवनशैली' के अन्तर्गत मंडल पर पानी बचाओ, बिजली बचाओ, 'बीट प्लास्टिक पोल्यूशन' आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए। यात्रियों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए सेल्फी पॉइन्ट लगाए गए।




### खजाना महल में की साफ-सफाई



**खजाना** महल प्रांगण में पर्यटकों से पौधरोपण कराया गया। इस अवसर पर पार्षद भूपेंद्र मीना ने भी कार्यकर्ताओं के साथ सफाई अभियान तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर फाउंडर डायरेक्टर अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि सिर्फ एक दिन विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर ही कुछ पेड़ लगाकर या सफाई करके हम इतिश्री नहीं करते हैं और ना ही और भी लोगो को करना चाहिए, बल्कि इसे एक कर्तव्य के रूप में अपनी रोजमर्रा जीवन शैली में अपनाना चाहिए, नहीं तो आने वाला समय बहुत ही खतरनाक होने वाला है।

### स्वस्छता एवं गो-संरक्षण अभियान चलाया



विश्व पर्यावरण दिवस पर अक्षय पात्र फाउंडेशन ने जनता को जागरूक करने के लिए अक्षय पात्र से आरयूएचएस तक जागरूकता रैली निकाली, साथ ही माहासफाई अभियान भी चलाया। इस दौरान आरयूएचएस के बाहर स्लिप लेन पर पड़े कचरे एवं प्लास्टिक की थेलियों की सफाई कीगई। संस्था द्वारा अक्षय पात्र से आरयूएचएस तक जागरूकता रैली भी निकाली गई। जन जाग्रति के लिए वहां पर कुछ स्लोगन भी लिखे गए। संस्था उपाध्यक्ष रघुपति दास ने बताया कि राजस्थान के दस जिलों में स्थित सभी ब्रांच में यह स्वस्छता एवं गो-संरक्षण का संदेशात्मक अभियान चलाया गया एवं आमजन को जागरूक किया गया।



#### रैंप पर शोकेस होगा सस्टेनेबल और ईको फैशन
### पिंक कॉन्सेप्ट्स के द ग्रीन फैशन प्रोजेक्ट का स्पेशल प्रोमो शूट

**बेधड़क | जयपुर**

पर्यावरण को हो रहे नुकसान के प्रति आमजन का ध्यान आकर्षित कर धरती को हरियाली से भरपूर करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से पिंक कॉन्सेप्ट्स की ओर से सस्टेनेबल फैशन शो 'द ग्रीन फैशन प्रोजेक्ट' की शुरुआत की गई। इसके अंतर्गत वाइल्डरोज रिसोर्ट में ईको फ्रेंडली ड्रेसेस में मॉडल्स के साथ कांसेप्ट्स प्रोमो शूट किया गया। डायरेक्टर अमन वर्मा ने बताया कि दीप फोटोग्राफी की टीम ने बबीता मीणा, श्वेता किराड़, हिमानी टेलर, गरिमा कुमावत, ईशा कोहली, अक्षरा सिंह, गायत्री बाकोलिया और डॉ. नीलम त्यागी की खूबसूरती को कैमरे में कैद किया। डीजे विशाल चंदानी और सेलेब्रिटी शेफ अरुण चौहान के सहयोग से हुए इस ग्रीन फैशन कॉन्सेप्ट्स शूट में निवारा फैशन एकेडमी के स्टूडेंट्स और फैशन डिजाइनर नेहा शर्मा की क्रिएटिविटी खास आकर्षण का केंद्र रही।

## City इवेंट्स

### 'प्रतिज्ञा यौगंधरायण' का मंचन



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के संगीत विभाग तथा नाट्यकुलम संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में महाकवि भास के प्रसिद्ध संस्कृत नाटक 'प्रतिज्ञा यौगंधरायण' का प्रस्तुतीकरण किया। भरत मुनि कृत्य नाट्यशास्त्र की अवधारणा के अनुसार नाट्य प्रयोग का समारंभ 'रंगदेवता' की प्राण प्रतिष्ठा से हुआ, नाट्य प्रस्तुति संगीत विभाग की नटमंडली द्वारा तीन दर्जन से अधिक कलाकारों ने किया। संस्कृत भाषा में मंत्रोच्चार सहित 'रंग देवता' की प्रतिष्ठा की गई। इससे पूर्व डॉ. सुरेश बबलानी, संस्कार भारती राजस्थान ने उद्बोधन दिया।

### 'ठग ठगे गए' नाटक का मंचन आज

**बेधड़क. जयपुर।** रस रंग मंच संस्था द्वारा हास्य नाटक 'ठग ठगे गए' का मंचन 6 जून को रवींद्र मंच पर शाम 7 बजे से किया जाएगा। मध्य प्रदेश की लोक कथा पर आधारित इस कहानी का लेखन सुशील कुमार सिंह ने किया है और नाट्य रूपांतरण, परिकल्पना और निर्देशन हिमांशु झांकल का है। ढोंगी बाबाओं के असली चेहरे को उजागर करता हास्य रस से औतप्रोत यह नाटक तथाकथित बाबाओं की पोल खोलता और अंध विश्वास में फंसने वाले आम जन को सतर्क करता नजर आएगा। नाटक मे दस से अधिक नए कलाकार अभिनय कर रहे हैं। यह नाटक 40 दिवसीय नाट्य प्रशिक्षण पूर्व अभ्यास में तैयार किया गया है।

### कच्ची लस्सी प्रसाद छबील लगाई



**बेधड़क. जयपुर।** फादर्स डे सेलिब्रेशन की श्रृंखला में कच्ची लस्सी प्रसाद छबील का आयोजन बुधवार को राजा पार्क में किया गया। परफेक्शन विद फैशन फेसबुक ग्रुप की एडमिन अमृता वी आहूजा ने बताया कि छबील ग्रुप मेंबर्स के आर्थिक सहयोग से से गुरु अर्जन देव के शहीदी गुरपूर्व को याद करते हुए लगाई गई। इसमें ढाई हजार से ज्यादा लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रुप के मेंबर्स ने राहगीरों को रोक कर कच्ची लस्सी पिलाई।

#### सुबोध महिला कॉलेज में छात्राओं को किया प्रेरित
### NSS इकाइयों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प, पौधरोपण किया




**बेधड़क | जयपुर**

विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इसी के साथ महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर बनाकर पर्यावरण के प्रति चेतना को व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में समस्त स्टाफ सदस्यों व छात्राओं द्वारा 'एक व्यक्ति-एक वृक्ष' की संकल्पना को साकार करते हुए पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. रेनू जोशी ने छात्राओं को पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए पौधारोपण के लिए प्रेरित किया तथा अपने लगाए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता, डायरेक्टर, पीजी स्कूल ऑफ साइंस, राजस्थान यूनिवर्सिटी, उपस्थित रही। उन्होंने भी महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्राओं को जागरूक किया। महाविद्यालय उपप्राचार्या डॉ. इंदु शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विजयलक्ष्मी मिश्रा, डॉ. नेहा वार्ष्णेय व अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी पौधारोपण किया।

#### शांतिनाथ का जन्म तप और मोक्ष कल्याणक मनाया
### शशांक सागर ने किया समंतभद्र आचार्य की गाथाओं का वाचन



**बेधड़क | जयपुर**

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में बुधवार को भगवान के चरणों में विश्व शांति की भावना के साथ तीर्थंकर शांति नाथ के जन्म तप व मोक्ष कल्याण पर आचार्य शशांक सागर ससंघ के पावन सानिध्य में निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि जैन धर्म के 16वें तीर्थंकर शांतिनाथ जी का जन्म हस्तीनापुर नगर में हुआ था। उनके जन्म से ही चारों ओर शांति का राज कायम हो गया था। शांतिनाथ के पिता हस्तीनापुर के राजा विश्वसेन थे और माता का नाम अचीरा (ऐरा) था। शांतिनाथ पांचवें चक्रवर्ती राजा और बारहवें कामदेव थे। वे शांति, अहिंसा, करूणा और अनुशासन के शिक्षक थे। इनका हिरण या मृग प्रतीक चिन्ह है तथा इनका निर्वाण इन्द्रभूत कूट से सम्मेद शिखर जी में हुआ था। मंदिर में प्रातः नित्य अभिषेक व शांति धारा के बाद अर्घ्य बोलते हुए पूजन किया गया। इसके बाद आचार्य शशांक सागर जी ने समंतभद्र आचार्य की गाथाओं का वाचन किया एवं श्रद्धालुओं ने निर्वाण कांड बोलकर जयकारों के साथ अर्घ्य बोलते हुए निर्वाण लाडू समर्पित किया।

#### ज्ञान और अभिव्यक्ति का संगम | सीए छात्रों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन
## कॉम्पीशन से निखरती है विद्यार्थियों के बोलने की क्षमता

**बेधड़क | जयपुर**

भारतीय सीए संस्थान की जयपुर शाखा द्वारा सीए छात्रों के लिए बुधवार को शाखा स्तरीय भाषण प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन बोर्ड ऑफ स्टडीज ऑपरेशन्स के तत्वाधान में 'सीए स्टूडेंट्स टैलेंट सर्च-2024' के अन्तर्गत किया गया। सीए सुधीर भंसाली इस प्रतियोगिता मुख्य अतिथि रहे, उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें सही दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए नवीन शर्मा और सचिव सीए विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा को पहचानने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करना है जो छात्रों के बोलने की क्षमता को निखारने के साथ-साथ उनकी छिपी प्रतिभा को उजागर भी करेगा। इससे विचारों की अभिव्यक्ति के साथ-साथ छात्रों की बोध शक्ति, मौलिक चिंतन शक्ति व तर्क शक्ति का विकास भी होगा, साथ ही यह उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देगा जो उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को समृद्ध करेगा।



### भाषण में चारु और रैना विजयी

सीकासा अध्यक्ष जयपुर शाखा सीए अंकुर गुप्ता ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियमों की बारे में विस्तृत जानकारी दी और उन्हें शुभकामनाए देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में सीए छात्रों ने अपने चुने हुए विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। इस प्रतियोगिता के सीए प्रिया अग्रवाल, सीए अमित खांडल और सीए अभिलाषा मुदगल जज थे, इन्होने चारु केवलरामानी और रैना पोरवाल को विजयी घोषित किया।

### देव शर्मा और हर्षित शर्मा विजयी घोषित

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए प्रत्येक टीम में दो प्रतियोगी थे, सभी टीमों से सामान्य जागरूकता पर सात चरणों में प्रश्न पूछे गए जो प्रत्येक चरण में कठिन होते गए। इस प्रतियोगिता का संचालनकर्ता एवं जज सीए अखिल पचौरी, सीए अक्षत अग्रवाल और सीए राजेश चौधरी द्वारा देव शर्मा और हर्षित शर्मा की टीम को विजयी घोषित करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता तीन चरणों शाखा, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर होगी।



प्यार उस आधे भाग के लिए चाह है
जिसे हमने खो दिया है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ,
सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय प्रजातांत्रिक गठबंधन की जीत पर दुनिया भर से बधाइयों का तांता...

# मेलोनी-मिंग से लेकर मुइज्जू तक ने दी मोदी को बधाई



**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एनडीए लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने जा रही है। हालांकि, बीते दो चुनावों की तरह इस बार बीजेपी अपने बूते पर बहुमत हासिल नहीं कर सकी है, लेकिन एनडीए ने 293 से ज्यादा सीटें जीत ली हैं। लगातार तीसरी बार केंद्र में NDA की सरकार बनने जा रही है। इसके साथ ही मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है।

अब तक पं. नेहरू ही एकमात्र पीएम थे, जो लगातार तीन बार सत्ता में आए। मोदी के तीसरी बार पीएम बनने पर मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने X पर लिखा, मोदी, बीजेपी और एनडीए को 2024 के चुनाव में लगातार तीसरी बार सफल होने पर बधाई।

### चीन ने मजबूत रिश्तों के लिए जताई प्रतिबद्धता



चीन ने भारत के लोकसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के बहुमत पाने पर मोदी को बधाई दी और कहा है कि चीन भारत के साथ अपने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि एक मजबूत और स्थिर चीन-भारत संबंध दोनों पक्षों के साझा हितों को पूरा करता है और क्षेत्र एवं दुनिया भर में शांति एवं विकास के लिए अनुकूल है।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति का मैसेज

श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने भी उन्हें बधाई दी। उन्होंने लिखा, एनडीए की जीत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रगति और समृद्धि में भारतीय लोगों के विश्वास को दिखाया है। सबसे करीबी पड़ोसी होने के नाते श्रीलंका, भारत के साथ साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तत्पर है।

### यह लिखा मेलोनी ने...

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी पीएम मोदी को बधाई दी. उन्होंने X पर लिखा, नई चुनावी जीत और अच्छे काम के लिए शुभकामनाएं। निश्चित है कि हम इटली और भारत को एकजुट करने वाली दोस्ती को मजबूत करने और हमारे राष्ट्रों और हमारे लोगों की भलाई से जुड़े मुद्दों पर मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

### भूटान का संदेश...

भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने कहा कि वो भारत के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के लिए मेरे दोस्त प्रधानमंत्री मोदी और एनडीए को बधाई।

**रूस यूक्रेन वॉर:** यूरोप में रूस के खिलाफ हो रहा बड़ा प्रयोग... तैनात किए जाएंगे...

# NATO के 3 लाख सैनिक

**एजेंसी** | मॉस्को

ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि नई जंग की शुरुआत हो रही है। रूस के खिलाफ NATO तीन लाख जवानों को यूरोपीय देशों की सीमाओं पर तैनात करने जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि नाटो ने रूस से जंग की तैयारी शुरू कर दी है।

नाटो अमेरिकी सैनिकों को यूरोप के उन देशों में तैनात करने जा रही है, जहां पर रूस से उनकी सीमा जुड़ती है। नाटो ने इसके लिए पांच रूट का प्लान बनाया है। पहला रूट है नीदरलैंड्स-जर्मनी-पोलैंड। दूसरा है - इटली, स्लोवानिया, क्रोएशिया और हंगरी. तीसरा रूट है- ग्रीस-बुल्गारिया और रोमानिया. चौथा है- तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया. पांचवां है- नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड। ये असल में रूट नहीं, बल्कि सैन्य अस्थाई कॉरिडोर हैं।

ये पांचों मुख्य मार्गों से अलग रूट्स हैं। सैनिकों को रॉटरडम बंदरगाह से पोलैंड लाया जाएगा। इस रास्ते में ट्रेन से नीदरलैंड्स और जर्मनी पार होगा। ये तो एक रूट है, जो बताया गया है, लेकिन इसके अलावा कई अन्य रूट्स भी होंगे, जिनका खुलासा रणनीति के तहत नहीं किया गया है।



### नाटो ने शुरू कर दी बड़े जंग की तैयारी

यह तैयारी तब शुरू की गई है, जब रूस और नाटो गठबंधन के प्रमुखों ने एकदूसरे को जंग की धमकी दी। अब माहौल गर्म हो रहा है। हालांकि इस जंग की आशंका मात्र है, लेकिन तैयारी नाटो ने शुरू कर दी है। जमीन पर तीन लाख अमेरिकी सैनिकों को रूस की सीमा से जुड़े यूरोपीय देशों पर तैनात करने की तैयारी है।

### छोटी-छोटी टुकड़ियों में ले जाए जाएंगे सैनिक

नाटो से जुड़े लेफ्टिनेंट जनरल अलेक्जेंडर सोलफ्रैंक ने कहा कि अब बड़े पैमाने पर लॉजिस्टिक मूवमेंट नुकसानदेह है। हमने अफगानिस्तान और ईराक में ये देखा है। इसलिए जंग से पहले हम किसी तरह का नुकसान नहीं बर्दाश्त करना चाहते, जो अस्थाई सैन्य कॉरीडोर बने हैं, उनसे छोटी टुकड़ियों में सैनिकों को तैनात किया जाएगा।

### रूस की एक हरकत और जंग शुरू!

अगर रूस ने संघर्ष की शुरूआत की तो नाटो सैनिक भी इसका जवाब देंगे, क्योंकि ये मामला अब सिर्फ रूस और यूक्रेन की जंग का नहीं बचा है। यूक्रेन के समर्थन में कई यूरोपीय देश, नाटो और अमेरिका भी है। इसलिए नाटो शामिल देशों को भी रूस से खतरा है। रूस की कोई भी हरकत नई जंग शुरू करवा सकती है

इस चंद्रयान ने कर दिया कमाल


# आ रहा पत्थर वे मिट्टी के नमूने लेकर

■ 'लैंडर' रविवार को चंद्रमा की एक सुदूर सतह पर उतरा

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन ने भी भारत के चंद्रयान-3 की तरह अपने चंद्रायन की सॉफ्ट लैंडिग चंद्रमा की सतह पर कराई। अब चीन का दावा है कि चंद्रमा के सुदूर हिस्से से पत्थर और मिट्टी के नमूने लेकर एक अंतरिक्षयान चंद्र सतह से वापस पृथ्वी पर आने के लिए रवाना हो गया है।

चीन राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन ने कहा कि चांग ई-6 अंतरिक्षयान के 'एसेंडर' ने बीजिंग के समयानुसार मंगलवार को सुबह उड़ान भरी और उसने चंद्रमा के पास पहले से निर्धारित कक्षा में प्रवेश किया।



### की थी सॉफ्ट लैंडिंग

चीन के चंद्रयान ने चंद्रमा पर पहुंचने के बाद सॉफ्ट लैंडिंग की। लैंडिंग के 48 घंटों के भीतर, चंद्रमा की सतह से चट्टानों और मिट्टी को निकालने के लिए एक रोबोटिक हाथ बढ़ाया गया, जबकि जमीन में छेद करने के लिए एक ड्रिल का उपयोग किया गया। वैज्ञानिक ढंग से पता लगाने का काम साथ-साथ किया गया। नमूनों को एक कंटेनर में सील करने के बाद, आरोही चंद्रमा से उड़ान भरी और चंद्र कक्षा में ऑर्बिटर के साथ डॉक किया गया।

### पिछले महीने किया गया था लॉन्च

इस अंतरिक्षयान को पिछले महीने प्रक्षेपित किया गया था और इसका 'लैंडर' रविवार को चंद्रमा की एक सुदूर सतह पर उतरा। चीनी समाचार एजेंसी ने अंतरिक्ष एजेंसी के हवाले से बताया कि अंतरिक्षयान ने योजना के तहत यान के 'एसेंडर' के अंदर रखे एक कंटेनर में नमूने एकत्रित किए। इस कंटेनर को एक 'री-एंट्री कैप्सूल' में रखा जाएगा, जो 25 जून के आसपास चीन के आंतरिक मंगोलिया क्षेत्र के रेगिस्तान में पृथ्वी पर उतरेगा। चीन के चंद्रयान चांग ई-6 मिशन को चंद्रमा के रहस्यमय सुदूर हिस्से से नमूने एकत्र करने और फिर पृथ्वी पर वापस लाने का काम सौंपा गया है। मानव चंद्र अन्वेषण के इतिहास में अपनी तरह का यह पहला प्रयास है।

मध्य और दक्षिण गाजा पर इजराइली हमले तेज

# दीर-अल-बलाह शहर में 19 की गई जान

**तेल अवीव**। मध्य और दक्षिणी गाजा में हवाई हमलों और गोलाबारी से मंगलवार को लगभग 19 लोगों की मौत हो गई है। करीब आठ महीनों से जारी लड़ाई को बंद करने की अंतरराष्ट्रीय अपील के बाद इजराइल ने हमले और तेज कर दिए हैं।

फिलिस्तीनी अधिकारियों के मुताबिक अल- बुरीज और अल-मगाजी शरणार्थी शिविरों और मध्य गाजा के दीर-अल-बलाह शहर पर इजराइली हमलों में 17 लोग मारे गए। वहीं रफा में मानवीय मदद पहुंचा रहे 2 पुलिसकर्मी भी में मारे गए। इस बीच, स्लोवेनिया फिलिस्तीन को देश के तौर पर मान्यता देने वाला नया यूरोपीय देश बन गया है। इसके पहले स्पेन, आयरलैंड और नार्वे फिलिस्तीन को मान्यता दे चुके हैं। स्लोवेनिया के ऐसा करने का मकसद इस्राइल के युद्ध बंद के लिए दबाव बनाना है। पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास के गाजा में हमले के बाद से इस्राइल ने आक्रामक रुख अपना रखा है।

### सीजफायर का वादा नहीं- हमास

हमास ने बयान देते हुए कहा कि जब इस्राइल स्पष्ट रूप से युद्ध विराम का वादा नहीं करता और अपनी सेनाओं को वापस नहीं ले जाता, तब लड़ाई नहीं रुकेगी। हमास का बयान तब आया है, जब कतर ने भी यहूदी देश से समझौता करने को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा है। अमेरिका और मिस्त्र के साथ ही कतर भी हमास और इस्राइल के बीच मध्यस्था करने वाला देश है।

### 6 हफ्ते के लिए युद्ध विराम का प्रस्ताव

पिछले हफ्ते, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने तीन चरणों का एक प्रस्ताव दिया था, जिसमें कहा गया था इस्राइली सेना 6 हफ्ते के लिए आबादी वाली जगह से हट जाएगी साथ सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों के बदले बंधकों को भी छोड़ा जाएगा।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl